اُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ النَّارِ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ۝ لِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ
وَاِنْ تُبْدُوْا مَا فِيْٓ اَنْفُسِكُمْ اَوْ تُخْفُوْهُ يُحَاسِبْكُمْ بِهِ اللّٰهُ فَيَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ
وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝ اٰمَنَ الرَّسُوْلُ بِمَآ اُنْزِلَ
اِلَيْهِ مِنْ رَّبِّهٖ وَالْمُؤْمِنُوْنَ كُلٌّ اٰمَنَ بِاللّٰهِ وَمَلٰٓئِكَتِهٖ وَكُتُبِهٖ وَرُسُلِهٖ
لَا نُفَرِّقُ بَيْنَ اَحَدٍ مِّنْ رُّسُلِهٖ وَقَالُوْا سَمِعْنَا وَاَطَعْنَا غُفْرَانَكَ رَبَّنَا
وَاِلَيْكَ الْمَصِيْرُ ۝ لَا يُكَلِّفُ اللّٰهُ نَفْسًا اِلَّا وُسْعَهَا لَهَا مَا كَسَبَتْ وَعَلَيْهَا
مَا اكْتَسَبَتْ رَبَّنَا لَا تُؤَاخِذْنَآ اِنْ نَّسِيْنَآ اَوْ اَخْطَاْنَا رَبَّنَا وَلَا تَحْمِلْ
عَلَيْنَآ اِصْرًا كَمَا حَمَلْتَهٗ عَلَى الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِنَا رَبَّنَا وَلَا تُحَمِّلْنَا مَا لَا طَاقَةَ

لَنَا بِهٖ ۚ وَاعْفُ عَنَّا وقفہ وَاغْفِرْ لَنَا وقفہ وَارْحَمْنَا وقفہ اَنْتَ مَوْلٰـنَا فَانْصُرْنَا
عَلَى الْقَوْمِ الْكٰفِرِيْنَ ۞ اِنَّ رَبَّكُمُ اللّٰهُ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ فِيْ
سِتَّةِ اَيَّامٍ ثُمَّ اسْتَوٰى عَلَى الْعَرْشِ قف يُغْشِى الَّيْلَ النَّهَارَ يَطْلُبُهٗ حَثِيْثًا ۙ
وَّالشَّمْسَ وَالْقَمَرَ وَالنُّجُوْمَ مُسَخَّرٰتٍۭ بِاَمْرِهٖ ۭ اَلَا لَهُ الْخَلْقُ وَالْاَمْرُ ۭ تَبٰرَكَ
اللّٰهُ رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ۞ اُدْعُوْا رَبَّكُمْ تَضَرُّعًا وَّخُفْيَةً ۭ اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الْمُعْتَدِيْنَ ۞
وَلَا تُفْسِدُوْا فِي الْاَرْضِ بَعْدَ اِصْلَاحِهَا وَادْعُوْهُ خَوْفًا وَّطَمَعًا ۭ اِنَّ رَحْمَتَ اللّٰهِ
قَرِيْبٌ مِّنَ الْمُحْسِنِيْنَ ۞ قُلِ ادْعُوا اللّٰهَ اَوِ ادْعُوا الرَّحْمٰنَ ۭ اَيًّا مَّا تَدْعُوْا فَلَهُ
الْاَسْمَاۗءُ الْحُسْنٰى ۚ وَلَا تَجْهَرْ بِصَلَاتِكَ وَلَا تُخَافِتْ بِهَا وَابْتَغِ بَيْنَ ذٰلِكَ
سَبِيْلًا ۞ وَقُلِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ لَمْ يَتَّخِذْ وَلَدًا وَّلَمْ يَكُنْ لَّهٗ
شَرِيْكٌ فِي الْمُلْكِ وَلَمْ يَكُنْ لَّهٗ وَلِيٌّ مِّنَ الذُّلِّ وَكَبِّرْهُ تَكْبِيْرًا ۞
وَالصّٰۗفّٰتِ صَفًّا ۙ فَالزّٰجِرٰتِ زَجْرًا ۙ فَالتّٰلِيٰتِ ذِكْرًا ۙ اِنَّ اِلٰهَكُمْ
لَوَاحِدٌ ۭ رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا وَرَبُّ الْمَشَارِقِ ۭ اِنَّا زَيَّنَّا
السَّمَاۗءَ الدُّنْيَا بِزِيْنَةِ ۨالْكَوَاكِبِ ۙ وَحِفْظًا مِّنْ كُلِّ شَيْطٰنٍ مَّارِدٍ ۚ
لَا يَسَّمَّعُوْنَ اِلَى الْمَلَاِ الْاَعْلٰى وَيُقْذَفُوْنَ مِنْ كُلِّ جَانِبٍ ۙ دُحُوْرًا وَّ
لَهُمْ عَذَابٌ وَّاصِبٌ ۙ اِلَّا مَنْ خَطِفَ الْخَطْفَةَ فَاَتْبَعَهٗ شِهَابٌ ثَاقِبٌ ۞
فَاسْتَفْتِهِمْ اَهُمْ اَشَدُّ خَلْقًا اَمْ مَّنْ خَلَقْنَا ۭ اِنَّا خَلَقْنٰهُمْ مِّنْ طِيْنٍ
لَّازِبٍ ۞ يٰمَعْشَرَ الْجِنِّ وَالْاِنْسِ اِنِ اسْتَطَعْتُمْ اَنْ تَنْفُذُوْا مِنْ اَقْطَارِ
السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ فَانْفُذُوْا ۭ لَا تَنْفُذُوْنَ اِلَّا بِسُلْطٰنٍ ۞ فَبِاَيِّ اٰلَاۗءِ
رَبِّكُمَا تُكَذِّبٰنِ ۞ يُرْسَلُ عَلَيْكُمَا شُوَاظٌ مِّنْ نَّارٍ ۙ وَّنُحَاسٌ فَلَا تَنْتَصِرٰنِ

لَوْ اَنْزَلْنَا هٰذَا الْقُرْاٰنَ عَلٰى جَبَلٍ لَّرَاَيْتَهٗ خَاشِعًا مُّتَصَدِّعًا مِّنْ خَشْيَةِ
اللّٰهِ ؕ وَتِلْكَ الْاَمْثَالُ نَضْرِبُهَا لِلنَّاسِ لَعَلَّهُمْ يَتَفَكَّرُوْنَ ۝ هُوَ اللّٰهُ
الَّذِىْ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ عَالِمُ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ ۚ هُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِيْمُ ۝
هُوَ اللّٰهُ الَّذِىْ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ اَلْمَلِكُ الْقُدُّوْسُ السَّلٰمُ الْمُؤْمِنُ الْمُهَيْمِنُ
الْعَزِيْزُ الْجَبَّارُ الْمُتَكَبِّرُ ؕ سُبْحٰنَ اللّٰهِ عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ۝ هُوَ اللّٰهُ الْخَالِقُ
الْبَارِئُ الْمُصَوِّرُ لَهُ الْاَسْمَآءُ الْحُسْنٰى ؕ يُسَبِّحُ لَهٗ مَا فِى السَّمٰوٰتِ
وَالْاَرْضِ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ۝ قُلْ اُوْحِىَ اِلَىَّ اَنَّهُ اسْتَمَعَ نَفَرٌ مِّنَ الْجِنِّ
فَقَالُوْۤا اِنَّا سَمِعْنَا قُرْاٰنًا عَجَبًا ۙ يَّهْدِىْۤ اِلَى الرُّشْدِ فَاٰمَنَّا بِهٖ ؕ وَلَنْ نُّشْرِكَ
بِرَبِّنَاۤ اَحَدًا ۙ وَّاَنَّهٗ تَعٰلٰى جَدُّ رَبِّنَا مَا اتَّخَذَ صَاحِبَةً وَّلَا وَلَدًا ۝

ये 33 आयतें हैं। इनके पढ़ने से आसेब व दरिंदे, चोर और हर क़िस्म की बला और आफ़त दूर हो जाती है। कहा गया है कि इनमें सौ बीमारियों से शिफ़ा है। मुहम्मद बिन अली फ़रमाते हैं कि हमारे एक बूढ़े को फ़ालिज हो गया था, उस पर ये आयतें पढ़ी, उनको शिफ़ा हो गयी।

9. अ-हक्क़ु (सज़ावारे ख़ुदाई)

ख़ासियत- एक चौकोर (वर्ग) काग़ज़ के चारों कोनों पर लिखकर उसको हथेली पर रखकर रात के आख़िरी हिस्से में आसमान की तरफ़ हाथ उठाये तो मुहिम्मों में किफ़ायत हो।

10. अल-वकीलु (कार साज़)

ख़ासियत- हर ज़रूरत के लिए इसकी ज़्यादती फ़ायदा देती है।

11. अल मुक़्तदिर (क़ुदरत वाले)

ख़ासियत- जब सो कर उठे इसे ज़्यादा पढ़े तो जो उसकी मुराद हो, उसका उपाय अल्लाह तआ़ला आसान कर दे।

आमाले क़ुरआनी यानी ख़वास्से फ़ुर्क़ानी

दूसरा हिस्सा

1. इल्म की तरक़्क़ी और ज़ेहन का बढ़ना

رَبِّ اشْرَحْ لِي صَدْرِي ۝ وَيَسِّرْ لِي أَمْرِي ۝ وَاحْلُلْ عُقْدَةً مِّن لِّسَانِي ۝ يَفْقَهُوا قَوْلِي ۝

रब्बिश्रह ली सद्री व यास्सिर ली अम्री वह्लुल उक़्दतम मिल्लिसानी यफ़्क़हू क़ौली० (पारा 16, रुकूअ़ 11)

तर्जुमा- ऐ मेरे परवरदिगार ! मेरा हौसला बढ़ा दीजिए और मेरा (यह) काम (तब्लीग़ का) आसान फ़रमा दीजिए और मेरी ज़बान से गिरह (हकलेपन को) हटा दीजिए, ताकि लोग मेरी बात समझ सकें।

ख़ासियत- इल्म की तरक़्क़ी और ज़ेहन के बढ़ने के लिए हर दिन सुबह की नमाज़ के बाद बीस बार पढ़ा करे, आज़माया हुआ है-

1. रब्बि ज़िद्नी अ़िल्मा० رَّبِّ زِدْنِي عِلْمًا ۝ (पारा 16, रुकूअ़ 15)

तर्जुमा- ऐ मेरे रब ! मेरा इल्म बढ़ादे !

ख़ासियत- इल्म की तरक़्क़ी के लिए हर नमाज़ के बाद जिस क़दर हो सके, पढ़ा करे

٢ الٓرٰ ۚ كِتٰبٌ اُحْكِمَتْ اٰيٰتُهٗ ثُمَّ فُصِّلَتْ مِنْ لَّدُنْ حَكِيْمٍ خَبِيْرٍ ۙ
اَلَّا تَعْبُدُوْٓا اِلَّا اللّٰهَ ۭ اِنَّنِيْ لَكُمْ مِّنْهُ نَذِيْرٌ وَّبَشِيْرٌ ۙ وَّاَنِ اسْتَغْفِرُوْا
رَبَّكُمْ ثُمَّ تُوْبُوْٓا اِلَيْهِ يُمَتِّعْكُمْ مَّتَاعًا حَسَنًا اِلٰٓى اَجَلٍ مُّسَمًّى وَّيُؤْتِ كُلَّ ذِيْ
فَضْلٍ فَضْلَهٗ ۭ وَاِنْ تَوَلَّوْا فَاِنِّىْٓ اَخَافُ عَلَيْكُمْ عَذَابَ يَوْمٍ كَبِيْرٍ اِلَى اللّٰهِ
مَرْجِعُكُمْ ۚ وَهُوَ عَلٰي كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ○

2. अलिफ़-लाम-रा किताबुन उह्किमत आयातुहू सुम् म फ़ुस्सिलत मिल्लदुन हकीमिन ख़बीर० अल्ला तअ्बुदू इल्लल्लाह इन्ननी लकुम मिन्हु नज़ीरुंव्व बशीर०व अनिस्तग़्फ़िरू रब्बकुम सुम् म तूबू इलैहि युमत्तिअ्कुम मताअ़न ह स ना०इला अ ज लिम मुसम्मंव्व युअ्ति कुल् ल ज़ी फ़ज़्लिन फ़ज़्लहू व इन तवल्लौ फ़ इन्नी अख़ाफ़ु अ़लैकुम अ़ज़ा ब यौमिनकबीर० इलल्लाहि मर्जिअुकुम व हु व अ़लाकुल्लि शैइन क़दीर०

(पारा 11, रुकूअ 17)

तर्जुमा- अलिफ़-लाम-रा। यह (क़ुरआन) ऐसी किताब है कि इसकी आयतें (दलील से) मज़बूत की गयी हैं, फिर साफ़-साफ़ (भी) बयान की गयी हैं। (वह किताब ऐसी है कि) एक हकीम, बाख़बर (यानी अल्लाह तआ़ला)की तरफ़ से यह (है) कि अल्लाह तआ़ला के सिवा किसी की इबादत मत करो, मैं तुमको अल्लाह की तरफ़ से डराने वाला और ख़ुशख़बरी देने वाला हूं और यह कि तुम लोग अपने गुनाह अपने रब से माफ़ कराओ, फिर उसकी तरफ़ मुतवज्जह रहो। वह तुमको वक़्ते मुक़र्ररा तक (दुनिया में)

ख़ुशी-ऐश देगा और (आख़िरत में) हर ज़्यादा अ़मल करने वाले को ज़्यादा सवाब देगा, और अगर (ईमान लाने से) तुम लोग कतराते रहे तो मुझको तुम्हारे लिए एक बड़े दिन के अ़ज़ाब का अंदेशा है। तुम (सब) को अल्लाह ही के पास जाना है और वह हर चीज़ पर पूरी क़ुदरत रखता है।

ख़ासियत– हरी अर्वी के पत्ते पर सूरज निकलने के वक़्त मुश्क व गुलाब से लिख कर जिस कुएं से इस अर्वी में पानी दिया जाता हो, उसके पानी से धोकर चार दिन तक सुबह व शाम पिए, तालीमे क़ुरआन व इल्म व हाफ़िज़ा और ज़ेहन में तरक़्क़ी व आसानी हो और ख़ूब दिल खुल जाए।

2. रोज़गार लगना और निकाह का पैग़ाम मंज़ूर होना

1. रजब की नौचन्दी जुमरात को चांदी के नगीने पर यह हर्फ़ खुदवा कर पहने, तो हर डर से अम्न में रहे। अगर हाकिम के पास जाए, तो उस की क़द्र हो और सब काम पूरे हों और ग़ज़ब नाक आदमी के सर पर हाथ फेर दे, तो उसका ग़ुस्सा जाता रहे और अगर प्यास की तेजी में उसको चूस ले तो सुकून हो जाए और अगर बारिश के पानी में उसको रात के वक़्त डाल कर सुबह को नहार-मुंह पिए तो हाफ़िज़ा मज़बूत हो जाए और जो बेकार आदमी पहने, काम से लग जाए और मिरगी वाले को पहना दिया जाए तो मिरगी जाती रहे। वे हुरूफ़ ये हैं।

ع١ الٓمٓ. الٓمٓصٓ. الٓمٓرٰ. كٓهيٰعٓصٓ- طٰهٰ- طٰسٓ- طٰسٓمٓ
يٰسٓ. صٓ- حٰمٓ عٓسٓقٓ- قٓ. نٓ وَالْقَلَمِ وَمَا يَسْطُرُوْنَ ٥

(1) अलिफ़-लाम-मीम, अलिफ़-लाम-मीम-स्वाद, अलिफ़-लाम-मीम-

रा-काफ़-हा-या-ऐन-स्वाद, ता-हा, ता-सीन, ता-सीन-मीम, या-सीन, स्वाद, हा-मीम, ऐन-सीन-काफ़, काफ़, नून वल क़लमि व मा यस्तुरून०

٢۔ قُلْ اِنَّ الْفَضْلَ بِيَدِ اللّٰهِ ۚ يُؤْتِيْهِ مَنْ يَّشَآءُ ۗ وَاللّٰهُ وَاسِعٌ عَلِيْمٌ ۚ يَّخْتَصُّ بِرَحْمَتِهٖ مَنْ يَّشَآءُ ۗ وَاللّٰهُ ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ۝ (پ۳ - ع ۱۶)

2. क़ुल इन्नल फ़ज़् ल बियदिल्लाहि युअ्तीहि मंय्यशाउ वल्लाहु वासिअुन अ़लीम० यख़्तस्सु बिरहमतिही मंय्यशाउ वल्लाहु ज़ुल फ़ज़्लिल अज़ीम० (पारा 3, रुकूअ़ 16)

तर्जुमा– आप कह दीजिए कि बेशक फ़ज़्ल तो ख़ुदा के क़ब्ज़े में है, वह उसको जिसे चाहें अ़ता फ़रमायें और अल्लाह तआ़ला बड़ी वुसअ़त वाले हैं, ख़ुब जानने वाले हैं। ख़ास कर देते हैं अपनी रहमत व फ़ज़्ल के साथ जिसको चाहें और अल्लाह तआ़ला बड़े फ़ज़्ल वाले हैं।

ख़ासियत– जुमरात के दिन, वुज़ू करके किसी क़िस्मती आदमी के कुर्ते के टुकड़े पर इस आयत को लिखकर दुकान या मकान या ख़रीद व फ़रोख़्त की जगह में लटकाये, ख़ूब आमदनी होगी।

3. अल-बदीअु (ईजाद करने वाले)।

ख़ासियत– इसको हज़ार बार पढ़े तो हाजत पूरी हो और ख़तरा दूर हो।

4. दीगर– और इसको किसी काग़ज़ पर लिख कर किसी बेकार आदमी के बाज़ू पर बांध दिया जाए, बा कार हो जाए या जिसने कहीं निकाह का पैग़ाम भेजा हो, उसके बाज़ू पर बांध दिया जाए, उसका पैग़ाम मंज़ूर हो जाए।

٥ وَقَالَ الْمَلِكُ ائْتُونِي بِهِ أَسْتَخْلِصْهُ لِنَفْسِي ۚ فَلَمَّا كَلَّمَهُ قَالَ
إِنَّكَ الْيَوْمَ لَدَيْنَا مَكِينٌ أَمِينٌ ۝ قَالَ اجْعَلْنِي عَلَىٰ خَزَائِنِ الْأَرْضِ ۚ
إِنِّي حَفِيظٌ عَلِيمٌ ۝ وَكَذَٰلِكَ مَكَّنَّا لِيُوسُفَ فِي الْأَرْضِ ۚ يَتَبَوَّأُ مِنْهَا
حَيْثُ يَشَاءُ ۚ نُصِيبُ بِرَحْمَتِنَا مَن نَّشَاءُ ۖ وَلَا نُضِيعُ أَجْرَ الْمُحْسِنِينَ ۝

5. पारा 13 रुकूअ़ 1 'व क़ालल मलिकुअ्तूनी से अज्रल मुह्सिनीन॰ तक।

तर्जुमा- और (सुन कर) बादशाह ने कहा कि उन को मेरे पास लाओ, मैं उनको ख़ास अपने लिए रखूंगा, पस जब बादशाह ने उन से बातें कीं तो बादशाह ने कहा कि तुम हमारे नज़दीक आज (से) बड़े इज़्ज़तदार और एतबारी हो। यूसुफ़ अ़लैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि मुल्की ख़ज़ानों पर मुझ को लगा दीजिए मैं हिफ़ाज़त रखूंगा और ख़ूब जानकार हूं। और हमने ऐसे तौर पर यूसुफ़ (अ़लैहिस्सलाम) को बा-इख़्तियार बना दिया कि उसमें जहां चाहें, रहें-सहें, हम जिस पर चाहें, अपनी इनायत मुतवज्जह कर दें और हम नेकी करने वालों का अज्र बर्बाद नहीं करते।

ख़ासियत- जिस को रोज़गार न मिलता हो, या रोज़गार से मुअ़त्तल हो गया हो, महीने में जो अव्वल जुमरात और जुमा आये, उनमें रोज़ा रखे और जुमा की रात में बिस्तर पर लेटते वक़्त यह सूरः पढ़े, फिर जुमा के दिन ज़ुहर और अस्र के दर्मियान इस सूरः को लिखे फिर इफ़्तार कर के इस सूरः को पढ़े, फिर इशा पढ़ कर इस सूरः को पढ़े, फिर बिस्तर पर जाकर इस सूरः को पढ़े और सौ बार 'ला इला ह इल्लल्लाह' कहे और

सौ बार अल्लाहु अक्बर और सौ बार अल-हम्दु लिल्लाह और सौ बार सुब्हानल्लाह और सौ बार इस्तिग़्फ़ार और सौ बार दरूद शरीफ़ पढ़ कर सो रहे। जब सुबह हो घर से निकल कर लिखी हुई सूरः को तावीज़ बना कर बांध ले और पक्का इरादा और नीयत करे कि किसी पर कभी ज़ुल्म न करूंगा और अपने हक़ से ज़्यादती न करूंगा इन्शाअल्लाह तआला जल्द ही रोज़गार से लग जाए। जो शख़्स पढ़ना न जानता हो, वह लिखे हुए को सर के तले रख ले, बाक़ी लाइलाह इल्लल्लाह' पहले की तरह कहे।

3. हमेशा ख़ुश रहना, ग़म का दूर होना

وَمَا جَعَلَهُ اللّٰهُ اِلَّا بُشْرٰى وَلِتَطْمَئِنَّ بِهٖ قُلُوْبُكُمْ ۚ وَمَا النَّصْرُ اِلَّا مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ ۚ اِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ۝

1. व मा ज अ़ ल हुल्लाहु इल्ला बुश्रा व लि तत्मइन् न बिही क़ुलूबुकुम व मन्नस्रु इल्ला मिन अ़िन्दिल्लाहि इन्नल्ला ह अ़ज़ीज़ुन हकीम०

(पारा 9, रुकूअ़ 15)

तर्जुमा– और अल्लाह तआ़ला ने यह मदद सिर्फ़ (इस हिक्मत) के लिए की कि (ग़लबे की) ख़ुशख़बरी हो और ताकि तुम्हारे दिलों को क़रार हो जाए और मदद सिर्फ़ अल्लाह ही की तरफ़ से है, जो कि ज़बरदस्त हिक्मत वाले हैं।

ख़ासियत– रमज़ान की 27 वीं को एक पर्चे पर यह आयत लिख कर अंगूठी के नगीने के नीचे रख ले तो हमेशा महफ़ूज़, ख़ुश और कामियाब रहे।

2. सूरः नूह– (पारा 29)

ख़ासियत– हर क़िस्म की ज़रूरत पूरी करने के लिए और ग़म व

वहम के दूर करने के लिए फ़ायदेमंद है।

डर दूर करने के लिए एक और- इब्नुल कल्बी से नक़ल किया गया है कि किसी ने किसी शख़्स को क़त्ल की धमकी दी। उसको डर हुआ, उसने किसी आ़लिम से ज़िक्र किया। उन्होंने फ़रमाया कि घर से निकलने से पहले सूरः यासीन पढ़ लिया करो, फिर घर से निकला करो। वह शख़्स ऐसा ही करता था और जब अपने दुश्मन के सामने आता था, उसको हरगिज़ नज़र न आता था।

3. अस्सबूरु (सब्र करने वाले)

ख़ासियत- सूरज निकलने से पहले सौ बार पढ़े तो कोई तक्लीफ़ न पहुंचे।

4. अल-बाक़ी (हमेशा रहने वाले)

ख़ासियत- हज़ार बार पढ़े तो ज़रूर ग़म से ख़लासी हो।

5. अल-वारिसु (मालिक)

ख़ासियत- मग़्रिब इशा के दर्मियान हज़ार बार पढ़े तो हैरानी दूर हो।

4. मुश्किल आसान होना

अल्लाहु (अल्लाह)

ख़ासियत- जो शख़्स हज़ार बार रोज़ाना पढ़े, अल्लाह तआ़ला उसको कमाल दर्जे का यक़ीन नसीब फ़रमायें और जो आदमी जुमा के दिन जुमा की नमाज़ से पहले पाक व साफ़ हो कर ख़लवत (तन्हाई) में दो सौ बार पढ़े, उसकी मुश्किल आसान हो और जिस मरीज़ के इलाज से डाक्टर आ़जिज़ आ गये हों, उस पर पढ़ा जाए तो अच्छा हो जाए, बशर्ते कि मौत

का वक़्त न आ गया हो।

5. मुराद पूरी होना

1. अल-मुअ्ती (देने वाले)

ख़ासियत- हर मुराद हासिल होने के लिए फ़ायदेमंद है।

2. अल-मानिउ (रोकने वाले)

ख़ासियत- जो अपनी मुराद तक पहुंच न सके, इसको सुबह व शाम पढ़ा करे, मुराद हासिल हो।

3. अल-हफ़ीज़ु (निगहबान)

ख़ासियत- इसका ज़िक्र करने वाला या लिख कर पास रखने वाला ख़ौफ़ से बचा रहे। अगर दरिंदों के दर्मियान सो रहे, तो नुक़्सान न पहुंचे।

4. अल-मुक़ीतु (क़ुव्वत यानी ताक़त देने वाले)

ख़ासियत- अगर रोज़ेदार इसको मिट्टी पर पढ़ कर या लिख कर इसको तर करके सूंघे तो ताक़त व ग़िज़ाइयत (पौष्टिकता) हासिल हो और अगर मुसाफ़िर कूज़े पर सात बार पढ़ कर , फिर उसको लिख कर उससे पानी पिया करे तो सफ़र की वह्शत (घबराहट) से बचा रहे।

5. अर-रक़ीबु (निगहबान)

ख़ासियत- इसके ज़िक्र करने से माल व अ़याल महफ़ूज़ रहे और जिसकी कोई चीज़ गुम हो जाए, इसको पढ़े तो वह इन्शाअल्लाह तआ़ला मिल जाए और अगर हमल के गिरने का अन्देशा हो तो इसको सात बार पढ़े तो न गिरे और सफ़र के वक़्त जिस बाल-बच्चे की तरफ़ से फ़िक्र हो, उसकी गरदन पर हाथ रख कर सात बार पढ़े तो अम्न व चैन से रहे।

6. हर मुसीबत से बचाव के लिए

آمَنَ الرَّسُولُ بِمَآ اُنْزِلَ اِلَيْهِ مِنْ رَّبِّهٖ وَالْمُؤْمِنُوْنَ ط كُلٌّ اٰمَنَ بِاللّٰهِ وَمَلٰٓئِكَتِهٖ وَكُتُبِهٖ وَرُسُلِهٖ قف لَا نُفَرِّقُ بَيْنَ اَحَدٍ مِّنْ رُّسُلِهٖ قف وَقَالُوْا سَمِعْنَا وَاَطَعْنَا غُفْرَانَكَ رَبَّنَا وَاِلَيْكَ الْمَصِيْرُ ○ لَا يُكَلِّفُ اللّٰهُ نَفْسًا اِلَّا وُسْعَهَا ط لَهَا مَا كَسَبَتْ وَعَلَيْهَا مَا اكْتَسَبَتْ ط رَبَّنَا لَا تُؤَاخِذْنَآ اِنْ نَّسِيْنَآ اَوْ اَخْطَاْنَا ج رَبَّنَا وَلَا تَحْمِلْ عَلَيْنَآ اِصْرًا كَمَا حَمَلْتَهٗ عَلَى الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِنَا ج رَبَّنَا وَلَا تُحَمِّلْنَا مَا لَا طَاقَةَ لَنَا بِهٖ ج وَاعْفُ عَنَّا قف وَاغْفِرْ لَنَا قف وَارْحَمْنَا قف اَنْتَ مَوْلٰىنَا فَانْصُرْنَا عَلَى الْقَوْمِ الْكٰفِرِيْنَ ○

ख़ासियत– जो शख़्स ये सब आयतें पढ़ कर सो रहे तो इन्शाअल्लाह तआला चोर और हर चीज़ से महफ़ूज़ रहेगा।

2. अबू जाफ़र नुहास ने यह हदीस नक़ल की है कि आयतल कुर्सी और सूरः आराफ़, सूरः साफ़्फ़ात व सूरः रहमान की ये आयतें–

اِنَّ رَبَّكُمُ اللّٰهُ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ فِيْ سِتَّةِ اَيَّامٍ ثُمَّ اسْتَوٰى عَلَى الْعَرْشِ قف يُغْشِي الَّيْلَ النَّهَارَ يَطْلُبُهٗ حَثِيْثًا ج وَّالشَّمْسَ وَالْقَمَرَ وَالنُّجُوْمَ مُسَخَّرٰتٍ بِاَمْرِهٖ ط اَلَا لَهُ الْخَلْقُ وَالْاَمْرُ ط تَبٰرَكَ اللّٰهُ رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ○ اُدْعُوْا رَبَّكُمْ تَضَرُّعًا وَّخُفْيَةً ط اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الْمُعْتَدِيْنَ ○ وَلَا تُفْسِدُوْا فِي الْاَرْضِ بَعْدَ اِصْلَاحِهَا وَادْعُوْهُ خَوْفًا وَّطَمَعًا ط اِنَّ رَحْمَتَ اللّٰهِ قَرِيْبٌ مِّنَ الْمُحْسِنِيْنَ ○ (پ ۸ ع ۱۴)

وَالصّٰٓفّٰتِ صَفًّا ۙ فَالزّٰجِرٰتِ زَجْرًا ۙ فَالتّٰلِيٰتِ ذِكْرًا ۙ اِنَّ اِلٰهَكُمْ لَوَاحِدٌ ۙ رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا وَرَبُّ الْمَشَارِقِ ۙ اِنَّا زَيَّنَّا السَّمَآءَ الدُّنْيَا بِزِيْنَةِ نِالْكَوَاكِبِ ۙ وَحِفْظًا مِّنْ كُلِّ شَيْطٰنٍ مَّارِدٍ ۚ لَا يَسَّمَّعُوْنَ اِلَى الْمَلَاِ الْاَعْلٰى

اور سورۂ رحمٰن کی یہ آیتیں سَنَفْرُغُ لَكُمْ اَيُّهَ الثَّقَلٰنِ ۚ فَبِاَيِّ اٰلَآءِ رَبِّكُمَا تُكَذِّبٰنِ ○ يٰمَعْشَرَ الْجِنِّ وَالْاِنْسِ اِنِ اسْتَطَعْتُمْ اَنْ تَنْفُذُوْا مِنْ اَقْطَارِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ فَانْفُذُوْا ط لَا تَنْفُذُوْنَ اِلَّا بِسُلْطٰنٍ ۚ فَبِاَيِّ اٰلَآءِ رَبِّكُمَا تُكَذِّبٰنِ ○ يُرْسَلُ عَلَيْكُمَا شُوَاظٌ مِّنْ نَّارٍ ۙ وَّنُحَاسٌ فَلَا تَنْتَصِرٰنِ ۚ (پارہ ۲۷ ع ۱۲)

ख़ासियत– ये सब आयतें अगर कोई दिन में पढ़े तो तमाम दिन और अगर रात को पढ़े तो तमाम रात सरकश शैतान, नुक़्सान पहुंचाने वाले जादूगर और ज़ालिम हाकिम और तमाम चोरों, डाकुओं और दरिंदों से बचा रहेगा।

3. हुरूफ़े मुक़त्तआत जो सूरतों के शुरू में आते हैं, वे यह हैं–

الٓمٓ ۔ الٓمٓصٓ ۔ الٓرٰ ۔ الٓمٓرٰ ۔ كٓهٰيٰعٓصٓ ۔ طٰهٰ ۔ طٰسٓمٓ ۔ طٰسٓ ۔ يٰسٓ ۔

صٓ ۔ حٰمٓ ۔ حٰمٓ عٓسٓقٓ ۔ قٓ ۔ نٓ

अलिफ़-लाम-मीम, अलिफ़-लाम-मीम-स्वाद, अलिफ़-लाम-रा, अलिफ़ लाम मीम रा, काफ़-हा-या-ऐन-स्वाद, त्वा-हा, त्वा-सीन-मीम, ता-सीन, या-सीन, स्वाद, हा-मीम, हाम-मीम, ऐन-सीन-क़ाफ़, क़ाफ़, नून
जिन में ये हुरूफ़ आये हैं–

الف ۔ حا ۔ صاد ۔ سین ۔ کاف ۔ عین ۔ طا ۔ قاف ۔ را ۔ ھا ۔ ن ۔ میم ۔ یا

अलिफ़, हा० स्वाद, सीन, काफ़, ऐन, त्वा क़ाफ़, रा, हा, नून, मीम, या, इन का लक़ब इस्तिलाह में हुरूफ़े नूरानी है और हर एक हर्फ़ के साथ अल्लाह के कुछ नामों को ताल्लुक़ है, मसलन अलिफ़ के साथ अल्लाह, अहद, हे से हय्यु, स्वाद से समद, सीन से समीअ, सुब्बूह, सलाम, काफ़ से करीम, ऐन से अ़लीम, अ़ज़ीम, अ़ज़ीज़ त्व से तैयब, क़ाफ़ से क़्य्यूम, रे से रहमान रहीम, हे से हादी, नून से नूर, नाफ़िअ़, मीम से मालिकि यौमिद्दीन, मालिकुल मुल्क, मुहयी, मुमीत, लाम से लतीफ़ वग़ैरह।

ख़वास्स– हुरूफ़े नूरानी को लिख कर अगर अपने माल व मताअ़ या खेत या घर वग़ैरह में रखे, तो हर बला से महफ़ूज़ रहे।

4. आयतल कुर्सी

ख़वास्स– जो शख़्स आयतल कुर्सी को हर नमाज़ के बाद और सुबह व शाम और घर में जाने के वक़्त और रात को लेटते वक़्त पढ़ा करे तो फ़क़ीर से ग़नी हो जाए और बे-गुमान रोज़ी मिले, चोरी से बचा रहे, रोज़ी बढ़े, कभी उपवास न हो और जहां पढ़े, वहां चोर न जाए।

ﮯ إِنَّا نَحْنُ نَزَّلْنَا الذِّكْرَ وَإِنَّا لَهُ لَحَافِظُونَ ٥

5. इन्ना नह्नु नज़्ज़ल्लज़्ज़िक र व इन्ना लहू ल हाफ़िज़ून॰

(पारा 14, रुकूअ़ 1)

तर्जुमा– हमने क़ुरआन को नाज़िल किया है और हम ही उसकी हिफ़ाज़त करने वाले और निगहबान हैं।

ख़ासियत– चांदी के मुलम्मा के पत्तरे पर इस को लिख कर जुमा की रात को यह आयत चालीस बार पढ़े, फिर उसको अंगूठी के नगीने के नीचे रख कर वह अंगूठी पहन ले। उस का माल व जान और सब हालात हिफ़ाज़त से रहें।

6. सूरः मरयम (पारा 16)

ख़ासियत– इसको लिख कर शीशे के गिलास में रख कर अपने घर में रखने से ख़ैर व बरकत हो, ज़्यादा ख़ुशी के सपने दीख पड़ें और जो शख़्स उसके पास सोये, वह भी अच्छे ख़्वाब देखे और जो शख़्स उसे लिख कर मकान की दीवार में लगाये, सब आफ़तों से बचा रहे, और जो डरा हुआ हो और पीले तो डर जाता रहे।

ﻉ فَإِذَا اسْتَوَيْتَ أَنْتَ وَمَنْ مَّعَكَ عَلَى الْفُلْكِ فَقُلِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِي نَجّٰنَا مِنَ الْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ ٥ وَقُلْ رَّبِّ أَنْزِلْنِيْ مُنْزَلًا مُّبٰرَكًا وَّأَنْتَ خَيْرُ الْمُنْزِلِيْنَ ٥

7. फ़ इज़स्तवै त अन त व मम् म अ क अ़लल् फ़ुल्कि फ़ क़ुलिल् हम्दु लिल्लाहिल्लज़ी नज्जाना मिनल कौमिज़्ज़ालिमीन० व क़ुरर्ब्बि अन्ज़िल्नी मुन्ज़लम मुबा र कंव्व अन त ख़ैरुल मुन्ज़िलीन०

(पारा 18, रुकूअ़ 2)

ख़ासियत– इसको पढ़ने से चोर, दुश्मन और जिन्न वग़ैरह से हिफ़ाज़त रहती है।

8. सूरः अल-अ़स्र (पारा 30)

ख़ासियत– माल वग़ैरह दफ़्न करने के वक़्त इसको पढ़ने से वह हर आफ़त से बचा रहेगा।

7. दफ़ीने का पता लगाना

وَإِذْ قَتَلْتُمْ نَفْسًا فَادّٰرَءْتُمْ فِيهَا ط وَاللّٰهُ مُخْرِجٌ مَّا كُنْتُمْ تَكْتُمُونَ ۝ فَقُلْنَا اضْرِبُوهُ بِبَعْضِهَا ط كَذٰلِكَ يُحْيِي اللّٰهُ الْمَوْتٰى لا وَيُرِيكُمْ اٰيٰتِهٖ لَعَلَّكُمْ تَعْقِلُونَ ۝

1. व इज़ क़तल्तुम नफ़्सन फ़द्दारअ्तुम फ़ीहा वल्लाहु मुख़्रिजुम मा कुन्तुम तक्तुमून० फ़ क़ुल्नज़्रिबूहु, बिबअ्ज़िहा कज़ालि क युह्यिल्लाहुल मौता व युरीकुम आयातिही ल अ़ल्लकुम तअ़्किलून०

(पारा 1, रुकूअ़ 9)

ख़ासियत– कुछ अल्लाह वालों से नक़ल किया गया है कि ये आयतें और सूरः शुअ़रा काग़ज़ पर लिख कर एक सफ़ेद मुर्ग़ की गरदन में, जिसका ताज शाख़-शाख़ हो, बांध कर जिस जगह दफ़ीने का शुब्हा हो, वहां छोड़ दिया जाए, वह मुर्ग़ वहां जाकर खड़ा हो जाएगा और अगले दिन मर जाएगा। मगर मुझको इसमें शुबहा है कि हैवान का हलाक करना अ़मल से ना-जायज़

है।

٢ قُلِ اللّٰهُمَّ مٰلِكَ الْمُلْكِ تُؤْتِي الْمُلْكَ مَنْ تَشَآءُ وَتَنْزِعُ الْمُلْكَ مِمَّنْ تَشَآءُ ز وَتُعِزُّ مَنْ تَشَآءُ وَتُذِلُّ مَنْ تَشَآءُ ط بِيَدِكَ الْخَيْرُ ط اِنَّكَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝ تُوْلِجُ الَّيْلَ فِي النَّهَارِ وَتُوْلِجُ النَّهَارَ فِي الَّيْلِ ز وَتُخْرِجُ الْحَيَّ مِنَ الْمَيِّتِ وَتُخْرِجُ الْمَيِّتَ مِنَ الْحَيِّ ز وَتَرْزُقُ مَنْ تَشَآءُ بِغَيْرِ حِسَابٍ ۝

2. क़ुलिल्लाहुम् म मालिकल मुल्कि तुअ्तिल मुल क मन तशाउ व तन्ज़िअुल मुल क मिम्मन तशाउ व तुइज़्ज़ु मन तशाउ व तुज़िल्लु मन तशाउ बियदिकल ख़ैरु इन न क अ़ला कुल्लि शैइन क़दीर॰ तूलिजुल्लै ल फ़िन्नहारि व तूलिजुन्नहा र फ़िल्लैलि व तुख़्रिजुल हय्य मिनल मय्यिति व तुख़्रिजुल मय्यित मिनलहय्यि व तर्ज़ुक़ु मन तशाउ बिग़ैरि हिसाब॰ (पारा 3, रुकूअ़ 11)

ख़ासियत- जो शख़्स दफ़ीनों व ख़ज़ानों का पता पाना चाहे, तो इन आयतों को तांबे के बर्तन पर मुश्क व ज़ाफ़रान से लिखे, फिर आबे हुलैला ज़र्द व आबे तूबा व आबे मेवा-ए-सब्ज़ से उसके हुरूफ़ धोकर काली मुर्ग़ी का पित्ता या काली बत्तख़ का पित्ता और पांच मिस्क़ाल सुर्मा अस्फ़हानी लेकर उस पानी में मिला कर ख़ुब बारीक पीसे, यहां तक कि वह बारीक सुर्मा हो जाए और रात के वक़्त पीसा करे ताकि उस पर धूप न पड़े। जब वह सुरमा बन जाए, कांच की शीशी में रख ले और आबनूस की सलाई से उसका इस्तिमाल करे, इस तरह कि अव्वल जुमरात के दिन रोज़ा रखे, जब आधी रात का वक़्त हो, सत्तर बार दरूद शरीफ़ पढ़े, फिर उसी सलाई से दोनों आंखों में तीन-तीन सलाई इस सुर्मे की लगाए और दायीं में पहले लगाये, इसी तरह सात जुमरात तक करे कि दिन में रोज़ा रखे और रात को दरूद शरीफ़ और इस्तिग़्फ़ार पढ़े और सुर्मा लगाये। इस शख़्स को कुछ शख़्स नज़र आएंगे, उनसे जो पूछना हो, वह पूछ ले, वे सवाल का जवाब देंगे।

8. गुम शुदा की तलाश

إِنَّا لِلَّهِ وَإِنَّا إِلَيْهِ رَاجِعُونَ ۝

1. इन्ना लिल्ला हि व इन्ना इलैहि राजिऊन॰ (पारा 2, रुकूअ़3)

तर्जुमा– वे कहते हैं कि हम तो (मय माल व औलाद हक़ीक़तन) अल्लाह तआ़ला ही की मिल्क हैं और हम सब (दुनिया से) अल्लाह तआ़ला के पास जाने वाले हैं।

ख़ासियत– अगर यह आयत पढ़ कर गुम हुई चीज़ तलाश की जाए तो इन्शाअल्लाह तआ़ला ज़रूर मिल जाएगी, वरना ग़ैब से कोई चीज़ उससे उ़म्दा मिलेगी।

وَلِكُلٍّ وِّجْهَةٌ هُوَ مُوَلِّيهَا فَاسْتَبِقُوا الْخَيْرَاتِ أَيْنَ مَا تَكُونُوا يَأْتِ بِكُمُ اللَّهُ جَمِيعًا إِنَّ اللَّهَ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ ۝

2. व लि कुल्लि विज्हतुन हु व मुवल्ली हा फ़स्तबिक़ुल ख़ैरात॰ऐ न मा तकूनू यअ्ति बिकुमुल्लाहु जमीआ़॰इन्नल्ला ह अ़ला कुल्लि शैइन क़दीर॰ (पारा 2, रुकूअ़ 2)

तर्जुमा– और हर शख़्स (मज़हब वाले) के वास्ते एक क़िब्ला रहा है, जिसकी तरफ़ वह (इबादत में) मुंह करता रहा है, सो तुम नेक कामों में दौड़-भाग करो, तुम चाहे कहीं होगे (लेकिन) अल्लाह तआ़ला तुम सब को हाज़िर कर देंगे। बेशक अल्लाह तआ़ला हर चीज़ पर पूरी क़ुदरत रखते हैं।

ख़ासियत– इस आयत को कोरे कपड़े के गोल कटे टुकड़े पर लिख कर चोर या भागे हुए आदमी का नाम लिख कर जिस मकान में चोरी हुई है या जिस मकान से कोई भागा है, उसकी दीवार में खूंटे से गाड़ दिया

जाय, इन्शाअल्लाह तआला चोरी गया या गुम गया माल वापस आ जाएगा।

قُلْ اَنَدْعُوْا مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ مَا لَا یَنْفَعُنَا وَلَا یَضُرُّنَا وَنُرَدُّ عَلٰۤی اَعْقَابِنَا بَعْدَ اِذْ هَدٰىنَا اللّٰهُ كَالَّذِی اسْتَهْوَتْهُ الشَّیٰطِیْنُ فِی الْاَرْضِ حَیْرَانَ لَهٗۤ اَصْحٰبٌ یَّدْعُوْنَهٗۤ اِلَى الْهُدَى ائْتِنَا ؕ قُلْ اِنَّ هُدَى اللّٰهِ هُوَ الْهُدٰی ؕ وَاُمِرْنَا لِنُسْلِمَ لِرَبِّ الْعٰلَمِیْنَ ۝

3. क़ुल अ नद् अ़ू मिन दूनिल्लाहि मा ला यन्फ़अ़ुना व ला यज़ुर्रुना व नुरद्दु अ़ला अअ़्क़ाबिना बअ़् द इज़ हदानल्लाहु कल्लज़िस्त ह्वत हुश्श्यातीनु फ़िल अर्ज़ि हैरा न लहू अस्हाबुंय् यदअ़ू न हू इलल हुदअ़्तिना क़ुल इन्न हुद ल्लाहि हुवल हुदा व उमिर्ना लिनुस्लि म लिरब्बिल आ़ ल मीन० (पारा 7, रुकूअ़ 15)

तर्जुमाः–आप कह दीजिए कि क्या हम अल्लाह के सिवा ऐसी चीज़ की इबादत करें कि वह न हमको नफ़ा पहुंचाए और न वह हमको नुक़्सान पहुंचाए और क्या हम उलटे फिर जाएं, इसके बाद कि हमको अल्लाह तआ़ला ने हिदायत कर दी है, जैसे कोई शख़्स हो कि उसको शैतानों ने कहीं जंगल में बे-राह कर दिया हो और वह भटकता फिरता हो। उसके कुछ साथी भी थे कि वे उसको ठीक रास्ते की तरफ़ बुला रहे हैं कि हमारे पास आ। आप कह दीजिए कि यक़ीनी बात है कि सीधी राह वह ख़ास अल्लाह ही की राह है और हमको यह हुक्म हुआ है कि हम पूरे मुतीअ़ (इताअ़त गुज़ार) हो जाएं परवरदिगारे आ़लम के।

ख़ासियत– यह चोर के वास्ते है। किसी पुरानी मश्क का टुकड़ा या सूखे कद्दू का पोस्त लेकर परकार से उस पर गोल दायरा बनाया जाए और दायरे के अन्दर यह आयत और दायरे से ख़ारिज चोर का नाम मय उसकी मां के नाम के लिख कर ऐसी जगह दफ़्न करे, जहां कोई न चलता

हो। इन्शाअल्लाह तआ़ला चोर हैरान व परेशान होकर वापस आ जाएगा :

وَلَوْ اَرَادُوا الْخُرُوْجَ لَاَعَدُّوْا لَهٗ عُدَّةً وَّلٰكِنْ كَرِهَ اللّٰهُ انْبِعَاثَهُمْ فَثَبَّطَهُمْ وَقِيْلَ اقْعُدُوْا مَعَ الْقَاعِدِيْنَ ○

4. व लौ अरादुल ख़ुरू ज ल अअ़द्दू लहू उ़द्दतंव व ला कि न करिहल्लाहुम्बिआ़ स हुम फ़ सब्ब त हुम व क़ीलक़्अुदू मअ़ल क़ाअ़िदीन०
(पारा 10, रुकूअ़ 13)

तर्जुमा– और अगर वे लोग (लड़ाई में) चलने का इरादा करते तो उसका फिर कुछ सामान तो दुरुस्त करते, लेकिन (ख़ैर हुई,) अल्लाह तआ़ला ने उनके जाने को पसन्द नहीं किया, इसलिए उनको तौफ़ीक़ नहीं दी और यों कह दिया गया कि अपाहिज लोगों के साथ तुम भी यहां ही धरे रहो।

ख़ासियत– यह आयत चोर के लिए है। कतान के धुले हुए कपड़े के क्व्वारे (गोल कटा हुआ चांद) पर शुरू महीने में यह आयत लिखी जाए और उसके चारों तरफ़ उस शख़्स का नाम मय मां के नाम लिखें और जिस जगह कोई न देखता हो, जाकर एक खूंटा क्व्वारे पर ठोंक दें और उसको मिट्टी से छिपा दें। वह चोर अल्लाह के हुक्म से वापस आ जाएगा।

5. सूरतुज़्ज़ुहा (पारा 30)

ख़ासियत– जिसकी कोई चीज़ गुम हो गयी हो या कोई शख़्स भाग गया हो, इसको सात बार पढ़ने से वापस आ जाएगा।

6. जाफ़र ख़ालिदी का एक नग दजला में गिर गया। उन्होंने यह दुआ़ पढ़ी–

اَللّٰهُمَّ يَا جَامِعَ النَّاسِ لِيَوْمٍ لَّا رَيْبَ فِيْهِ اِجْمَعْ عَلَيَّ ضَالَّتِيْ

अल्लाहुम म या जामिअन्नासि लि यौ मिल्ला रै ब फ़ीहि इज्मअ़ अ़लय्य ज़ाल्लती०

एक दिन काग़ज़ात देख रहे थे, उन काग़ज़ात में वह नग मिल गया।

7. सूरः वज़्ज़ुहा पढ़े और इस आयत को तीन बार पढ़े-

وَوَجَدَكَ ضَآلًّا فَهَدٰى ۝

व व ज द क ज़ाल्लन फ़-ह्-दा०

8. **दिगर :** यह आयत रोटी या किसी खाने की चीज़ पर लिख कर जिस पर शुब्ह़ा चोरी का हो, उसको खिलाए, चोर खा न सकेगा-

وَاِذْ قَتَلْتُمْ نَفْسًا فَادّٰرَءْتُمْ فِيْهَا ؕ وَاللّٰهُ مُخْرِجٌ مَّا كُنْتُمْ تَكْتُمُوْنَ ۝

व इज़ क़तल्तुम नफ़सन फ़द्दारअ्तुम फ़ीहा वल्लाहु मुख़्रिजुम मा कुन्तुम तक्तुमून०

और

يَتَجَرَّعُهٗ وَلَا يَكَادُ يُسِيْغُهٗ وَيَاْتِيْهِ الْمَوْتُ مِنْ كُلِّ مَكَانٍ وَّمَا هُوَ بِمَيِّتٍ ؕ وَمِنْ وَّرَآئِهٖ عَذَابٌ غَلِيْظٌ ۝

य त जर्रअुहू व ला यकादु युसीग़ुहू व यातीहिल मौतु मिन कुल्लि मकानिंव्व मा हु व बिमय्यित व मिंव व राइही अ़ज़ाबुन ग़लीज़०

और اَلَّا يَسْجُدُوْا لِلّٰهِ الَّذِيْ يُخْرِجُ الْخَبْءَ فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَيَعْلَمُ مَا تُخْفُوْنَ وَمَا تُعْلِنُوْنَ ۝ اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ ۝

अल्ला यस्जुदू लिल्लाहिल्लज़ी युख़्रिजुल ख़ब्अ फ़िस्समावाति वल अर्ज़ि व यअ़्लमु मा तुख़्फ़ू न व मा तुअ़्लिनून० अल्लाहु ला इला ह इल्ला हु व रब्बुल अ़र्शिल अ़ज़ीम०

और

وَبِالْحَقِّ اَنْزَلْنٰهُ وَبِالْحَقِّ نَزَلَ ۗ وَمَآ اَرْسَلْنٰكَ اِلَّا مُبَشِّرًا وَّنَذِيْرًا ۝

व बिल हक़्क़ि अन्ज़ल्नाहु व बिल हक़्क़ि न ज़ल व मा अर्सल्ना क इल्ला मुबश्शिरंव व नज़ीरा०

और صَلَّى اللّٰهُ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّاٰلِهٖ وَصَحْبِهٖ وَسَلَّمَ

सल्लल्लाहु अ़ला सय्यिदिना मुहम्मदिंव्व आलिही व सहबिही व सल्लम०

9. जिस दरवाज़े से चोरी का माल निकला है, उसमें खड़े होकर सूरः वत्तारिक़ पढ़ने से इन्शाअल्लाह तआ़ला वापस आ जाएगा या उसको ख़्वाब वग़ैरह में देख लेगा।

ख़ासियत– इस आयत को एक रोटी के टुकड़े पर लिख कर जिस शख़्स को भागने की आदत हो या जिस औरत को ना-फ़रमानी और सरकशी की आदत हो, उसको खिला देने से वह आदत जाती रहती है।

10. अपने रूमाल वग़ैरह के कोने पर फ़ातिहा और सूरः इख़्लास और मुअ़व्वज़तैन और क़ुल या अय्युहल काफ़िरून-हर सूरः तीन-तीन बार और सूरः तारिक़ एक बार और सूरः वज़्ज़ुहा तीन बार पढ़ कर उसमें गिरह लगायें, इन्शाअल्लाह तआ़ला चोर न जाने पाएगा।

11. अर्रक़ीबु (निगहबान)

ख़ासियत– इसके ज़िक्र करने से माल व अ़याल बचा रहे और जिसकी कोई चीज़ गुम हो जाए, इसको बहुत पढ़े, तो वह इन्शाअल्लाह तआ़ला मिल जाए और सफ़र के वक़्त जिस बाल-बच्चे की तरफ़ से फ़िक्र हो, उसकी गरदन पर हाथ रख कर सात बार पढ़े तो वह अम्न से रहे।

12. अल-जामिअ़ु (जमा करने वाले)

ख़ासियत– इसे बराबर पढ़ने से. मक़्सदों और दोस्तों से मिला रहे

और जिसकी कोई चीज़ गुम हो जाए, इसको पढ़े तो मिल जाए।

9. भागे हुए की वापसी

فَرَدَدْنٰهُ اِلٰٓى اُمِّهٖ كَىْ تَقَرَّ عَيْنُهَا وَلَا تَحْزَنَ وَلِتَعْلَمَ اَنَّ وَعْدَ اللّٰهِ حَقٌّ وَّلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ۞

1. फ़ रदद्नाहु इला उम्मिही कै तक़र र ऐनुहा व ला तह्ज़न वलितअ्ल म अन्न वअ्दल्लाहि हक़्क़ुंव व ला किन्न अक्सर हुम ला यअ्ल मून०

(पारा 20, रुकूअ़ 4)

तर्जुमा– ग़रज़ हमने मूसा अ़लै० को उनकी मां के पास अपने वायदे के मुवाफ़िक़ वापस पहुंचा दिया ताकि उनकी आंखें ठंडी हों और ताकि (जुदाई के) ग़म में न रहें और ताकि इस बात को जान लें कि अल्लाह तआ़ला का वायदा सच्चा (होता) है, लेकिन (अफ़सोस की बात है कि) अक्सर लोग (इसका) यक़ीन नहीं रखते।

ख़ासियत– अगर कोई शख़्स भाग गया हो, तो इस आयत को लिख कर चर्ख़े में बांध कर साठ बार हर दिन चालीस दिन तक उल्टा घुमाएं। इन्शाअल्लाह तआ़ला इस अ़मल की बरकत से वह शख़्स जल्द वापस आ जाएगा।

اِنَّ الَّذِىْ فَرَضَ عَلَيْكَ الْقُرْاٰنَ لَرَآدُّكَ اِلٰى مَعَادٍ ؕ

2. इन्नल्ल ज़ी फ़ र ज़ अ़लैकल क़ुरआ न ल राद्दु क इला म आ़द०

(पारा 20, रुकूअ़ 12)

तर्जुमा– जिस ख़ुदा ने आप पर क़ुरआन (के हुक्मों पर अ़मल और उसकी तब्लीग़) को फ़र्ज़ किया है, वह आपको (आप के) वतन (यानी मक्का) में फिर पहुंचाएगा।

ख़ासियत– दो रुक्अ़त नफ़्ल पढ़ कर इस आयते करीमा को एक सौ उन्नीस बार चालीस दिन तक पढ़े इसकी बरकत से जो शख़्स भाग गया हो, वापस आ जाएगा।

2 يَا بُنَيَّ إِنَّهَا إِنْ تَكُ مِثْقَالَ حَبَّةٍ مِّنْ خَرْدَلٍ فَتَكُنْ فِي صَخْرَةٍ أَوْ فِي السَّمٰوٰتِ أَوْ فِي الْأَرْضِ يَأْتِ بِهَا اللّٰهُ ۚ إِنَّ اللّٰهَ لَطِيفٌ خَبِيرٌ ۝

2. या बुनय य इन्नहा इन तकु मिस्क़ा ल हब्बतिम मिन ख़र्द लिन फ़ तकुन फ़ी सख़रतिन औ फ़िस्समावाति औ फ़िल अर्ज़ि यअ्ति बिहल्लाहु इन्नल्ला ह लतीफ़ुन ख़बीर० (पारा 21, रुकूअ 11)

तर्जुमा– बेटा ! अगर कोई अ़मल राई के दाने के बराबर हो, फिर वह किसी पत्थर के अन्दर हो या वह आसमान के अन्दर हो या वह ज़मीन के अन्दर हो, तब भी उसको अल्लाह तआ़ला हाज़िर कर देगा। बेशक अल्लाह तआ़ला बड़ा बारीकबीं, बा-ख़बर है।

ख़ासियत– इसकी बरकत से जो शख़्स भाग गया हो, वापस आ जाएगा। ऊपर की तर्कीब के मुताल्लिक़ अ़मल में लाएं।

बीवी व शौहर से मुताल्लिक़

1. लड़की का निकाह होना

1. शेख़ शर्फ़ुद्दीन रहमतुल्लाहि अ़लैहि का क़ौल है कि जो शख़्स हिरन की झिल्ली पर चौदहवीं की रात को किसी महीने इशा की नमाज़ के बाद गुलाब व ज़ाफ़रान से ये आयतें लिख कर एक नलकी में रख कर उसका मुंह नये छत्ते के मोम से बन्द करके उसको चमड़े में सिलवा कर अपने दाहिने बाज़ू पर बांधे, उसके दिल में बे-ख़ौफ़ी पैदा हो। दुश्मन के दिल में उसकी हैबत पैदा हो, दुनिया की नज़र में मक़्बूल हो। अगर मुहताज हो, ग़नी हो जाए और डरा हुआ हो, तो अम्न में हो जाए और अगर जादू या जेल या जुनून में मुब्तला हो, तो उससे ख़लासी हासिल हो। अगर क़र्ज़दार

हो, तो अल्लाह तआ़ला उसका कर्ज़ अदा कर दे। अगर किसी फ़िक्र में मुब्तला हो, वह फ़िक्र दूर हो जाए, और अगर मुसाफ़िर हो, सही व सालिम अपने घर आ जाए। जब किसी औ़रत का निकाह न होता हो तो इसके पास रखने से लोगों को उसके निकाह से चाव पैदा हो। अगर किसी दुकान में रखा जाए तो ख़ूब नफ़ा हो, अगर बच्चों के बांधा जाए तो तमाम आफ़तों से बचे रहें और जिस के पास रहे, वह शख़्स जो हाजत अल्लाह तआ़ला से मांगे, पूरी हो, वे आयतें यह हैं-

الٓمّٓ ۚ ذٰلِكَ الْكِتٰبُ لَا رَيْبَ ۛ فِيْهِ ۛ هُدًى لِّلْمُتَّقِيْنَ ۙ الَّذِيْنَ يُؤْمِنُوْنَ بِالْغَيْبِ وَيُقِيْمُوْنَ الصَّلٰوةَ وَمِمَّا رَزَقْنٰهُمْ يُنْفِقُوْنَ ۙ وَالَّذِيْنَ يُؤْمِنُوْنَ بِمَآ اُنْزِلَ اِلَيْكَ وَمَآ اُنْزِلَ مِنْ قَبْلِكَ ۚ وَبِالْاٰخِرَةِ هُمْ يُوْقِنُوْنَ ۗ اُولٰٓئِكَ عَلٰى هُدًى مِّنْ رَّبِّهِمْ ۗ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ○

1. अलिफ़-लाम-मीम॰ ज़ालिकल किता बुला रैब फ़ीहि हुदल्लिलमुत्तक़ीनल्ल ज़ी न युअ्मिनून बिल ग़ैबि व युक़ीमूनस्सला त व मिम्मा रज़क़्नाहुम युन्फ़िक़ून वल्लज़ी न युअ्मिनू न बिमा उन्ज़ि ल इलै क व मा उन्ज़ि ल मिन क़ब्लि क व बिल आख़िरति हुम यूक़िनून॰ उलाइ क अ़ला हुदम मिर रब्बिहिम व उलाइ क हुमुल मुफ़लिहून॰

(पारा 1, रुकूअ़ 1)

तर्जुमा- अलिफ़-लाम-मीम। यह किताब ऐसी है, जिसमें कोई शुब्हा नहीं, राह बतलाने वाली है, ख़ुदा से डरने वालों को। वे ख़ुदा से डरने वाले लोग ऐसे हैं कि यक़ीन लाते हैं छिपी हुई चीज़ों पर और क़ायम रखते हैं नमाज़ को और जो कुछ दिया है, हम ने उनको, उसमें से ख़र्च करते हैं और वे लोग ऐसे हैं कि यक़ीन रखते हैं उस किताब पर भी जो आपकी तरफ़ उतारी गयी है और उन किताबों पर भी जो आपसे पहले उतारी जा

चुकी हैं और आख़िरत पर भी वे लोग यक़ीन रखते हैं। पस ये लोग हैं ठीक राह पर जो उन के परवरदिगार की तरफ़ से मिली है और ये लोग हैं पूरे कामियाब।

٢ـ الٓمّٓ ۚ اللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ الْحَيُّ الْقَيُّوْمُ ۙ نَزَّلَ عَلَيْكَ الْكِتٰبَ بِالْحَقِّ مُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَيْهِ وَاَنْزَلَ التَّوْرٰىةَ وَالْاِنْجِيْلَ ۙ مِنْ قَبْلُ هُدًى لِّلنَّاسِ وَاَنْزَلَ الْفُرْقَانَ ؕ

2. अलिफ़-लाम-मीम० अल्लाहु ला इला ह इल्ला हुवल हय्युल क़य्यूम नज़् ज़ ल अ़लैकल किता ब बिल हक़्क़ि मुसद्दिक़ल्लिमा बै न यदैहि व अनज़ लत्तौरा त वल इं जी ल मिन क़ब्लु हुदल्लिन्नासि व अन्ज़लल् .फ़ुर्क़ा न०

(पारा 3, रुकूअ़ 9)

तर्जुमा- अलिफ़-लाम-मीम। अल्लाह तआ़ला ऐसे हैं कि उन के सिवा माबूद बनाने के क़ाबिल, कोई नहीं और वह ज़िंदा हैं। सब चीज़ों के संभालने वाले हैं। अल्लाह तआ़ला ने आपके पास क़ुरआन भेजा है हक़ के साथ, इस तरह कि वह तस्दीक़ करता है उन किताबों की, जो इससे पहले हो चुकी हैं और भेजा था तौरात और इंजील को इससे पहले लोगों की हिदायत के वास्ते और अल्लाह तआ़ला ने भेजे मोजज़े।

٣ـ الٓمّٓصٓ ۚ كِتٰبٌ اُنْزِلَ اِلَيْكَ فَلَا يَكُنْ فِيْ صَدْرِكَ حَرَجٌ مِّنْهُ لِتُنْذِرَ بِهٖ وَذِكْرٰى لِلْمُؤْمِنِيْنَ ○

3. अलिफ़-लाम-मीम-स्वाद० किता बुन उन्ज़ि ल इलै क फ़ ला यकुन फ़ी सद्रि क ह र जुम मिन्हु लि तुन्ज़ि र बिही व ज़िक्रा लिल मुअ्मिनीन०

(पारा 8, रुकूअ़ 8)

तर्जुमा- अलिफ़-लाम-मीम-स्वाद। यह एक किताब है जो आपके पास इस लिए भेजी गयी है कि आप इसके ज़रिए से डराएं, पस आपके दिल

में इससे बिल्कुल तंगी न होना चाहिए और यह नसीहत है ईमान वालों के लिए।

٤ الٓمٓرٰ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ ط وَالَّذِىْٓ اُنْزِلَ اِلَيْكَ مِنْ رَّبِّكَ الْحَقُّ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يُؤْمِنُوْنَ ٥

4. अलिफ़-लाम-मीम-रा० तिल क आयातुलकि ताबि वल्लज़ी उन्ज़ि ल इलै क मिरींब्बि कलहक़्क़ु वला किन न अक्सरन्नासि ला युअ् मिनून०

(पारा 13, रुकूअ़ 7)

तर्जुमा– अलिफ़-लाम-मीम-रा। ये आयतें हैं एक बड़ी किताब की और जो कुछ आप पर आपके रब की तरफ़ से नाज़िल किया जाता है,वह बिल्कुल सच है और लेकिन बहुत से आदमी ईमान नहीं लाते।

٥ كٓهٰيٰعٓصٓ ۚ ذِكْرُ رَحْمَتِ رَبِّكَ عَبْدَهٗ زَكَرِيَّا ۚ

5. काफ़-हा-या-ऐन-स्वाद० ज़िक्रु रहमति रब्बिक अ़ब्द हू ज़ क रिय्या०

(पारा 16, रुकूअ़ 4)

तर्जुमा– काफ़-हा-या-ऐन-स्वाद, यह तज़्किरा है आपके परवरदिगार के मेहरबानी फ़रमाने का अपने बन्दे ज़करिय्या अ० पर।

٦ طٰهٰ ۚ مَآ اَنْزَلْنَا عَلَيْكَ الْقُرْاٰنَ لِتَشْقٰٓى ٥

6. त्वा-हा० मा अन्ज़ल्ना अ़लैकल क़ुरआ न लि तश्का०

(पारा 16 रुकूअ़ 10)

तर्जुमा– त्वा-हा। हमने आप पर क़ुरआन मजीद इसलिए नहीं उतारा कि आप तक्लीफ़ उठाएं।

٧ طٰسٓمٓ ۚ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْمُبِيْنِ ٥

7. त्वा-सीम-मीम० तिल क आयातुल किताबिल मुबीन०

(पारा 19, रुकूअ़ 5)

तर्जुमा– त्वा-सीम-मीम। यह किताब वाज़ेह (यानी क़ुरआन) की आयतें हैं।

٨ طٰسٓ ۚ تِلْكَ اٰيٰتُ الْقُرْاٰنِ وَكِتَابٍ مُّبِيْنٍ ۙ

8. त्वा-सीन॰ तिल क आयतुल क़ुरआनि व किताबिम मुबीन॰

(पारा 19, रुकूअ़ 16)

तर्जुमा– त्वा-सीन। ये आयतें हैं क़ुरआन की और एक वाज़ेह किताब की।

٩ يٰسٓ ۚ وَالْقُرْاٰنِ الْحَكِيْمِ ۙ

9. या सी न॰ वल क़ुरआनिल हकीम॰ (पारा 22, रुकुअ़ 18)

तर्जुमा– यासीन। क़सम है हिक्मत वाले क़ुरआन की।

١٠ صٓ وَالْقُرْاٰنِ ذِى الذِّكْرِ ۭ بَلِ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فِىْ عِزَّةٍ وَّشِقَاقٍ ○

10. स्वाद॰ वल् क़ुरआनि ज़िज़्ज़िक्रि बलिल्लज़ी न क फ़ रू फ़ी अ़िज़्ज़तिंव्व शिक़ाक़॰

(पारा 23, रुकूअ़ 10)

तर्जुमा– स्वाद। क़सम है क़ुरआन की जो हिक्मत से भरा हुआ है, बल्कि (ख़ुद) ये कुफ़्फ़ार (ही) तास्सुब और मुख़ालफ़त में हैं।

١١ حٰمٓ ۚ تَنْزِيْلُ الْكِتٰبِ مِنَ اللّٰهِ الْعَزِيْزِ الْعَلِيْمِ ۙ غَافِرِ الذَّنْبِ وَقَابِلِ التَّوْبِ شَدِيْدِ الْعِقَابِ ذِى الطَّوْلِ ۭ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۭ اِلَيْهِ الْمَصِيْرُ ○

11. हा-मीम॰ तंज़ीलुल किताबि मिनल्लाहिल अ़ज़ीज़िल अ़लीम॰ ग़ाफ़िरिज़्ज़म्बि व क़ाबिलित्तौबि शदीदिल अ़िक़ाबि ज़ित्तौलि ला इला ह इल्लाहु व इलैहिल मसीर॰

(पारा 24, रुकूअ़ 6)

तर्जुमा– हा-मीम। यह किताब उतारी गयी है अल्लाह की तरफ़ से जो ज़बरदस्त है, हर चीज़ का जानने वाला है गुनाह बख़्शने वाला है,

और तौबा क़ुबूल करने वाला है, सख़्त सज़ा देने वाला है क़ुदरत वाला है, उसके सिवा कोई इबादत के लायक़ नहीं। उसके पास जाना है।

١٢ حٰمٓ ۝ عٓسٓقٓ ۝ كَذٰلِكَ يُوحِيٓ اِلَيْكَ وَاِلَى الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكَ اللّٰهُ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ۝

12. हा मीम० ऐन-सीन-क़ाफ़० कज़ालि क यूही इलै क व इलल्लज़ी न मिन क़ब्लि क अल्लाहुल अज़ीज़ुल हकीम० -पारा 25, रुकूअ़ 2

तर्जुमा- हा-मीम। ऐन-सीन-क़ाफ़। इसी तरह आप पर और जो आप से पहले हो चुके हैं, उन पर अल्लाह तआ़ला, जो ज़बरदस्त हिक्मत वाला है, वह्य भेजता रहा है।

١٣ قٓ وَالْقُرْاٰنِ الْمَجِيْدِ ۝

13. क़ाफ़० वल क़ुरआनिल मजीद० (पारा 26, रुकूअ़ 15)

तर्जुमा- क़ाफ़। क़सम है क़ुरआन मजीद की।

١٤ نٓ وَالْقَلَمِ وَمَا يَسْطُرُوْنَ ۝

14. नून० वल् क़ ल मि व मा यस्तुरून० (पारा 29, रुकूअ़ 3)

तर्जुमा- नून। क़सम है क़लम की और उनके लिखने की।

15. सूर: ताहा (पारा 16)

ख़ासियत- इसको लिख कर हरीर के कपड़े में लपेट कर पास रखे । अगर निकाह का पैग़ाम भेजे, कामियाबी हो । अगर दो शख़्सों में या दो लश्करों में सुलह कराना चाहे, इन्कार न करें और उसको पी ले, तो बादशाह से मतलब हासिल हो और जिस औरत की शादी न हो तो उसको इसके पानी से ग़ुस्ल दे तो निकाह आसान हो।

وَلَا تَمُدَّنَّ عَيْنَيْكَ إِلَىٰ مَا مَتَّعْنَا بِهِۦٓ أَزْوَٰجًا مِّنْهُمْ زَهْرَةَ ٱلْحَيَوٰةِ ٱلدُّنْيَا لِنَفْتِنَهُمْ فِيهِ ۚ وَرِزْقُ رَبِّكَ خَيْرٌ وَأَبْقَىٰ ۝ وَأْمُرْ أَهْلَكَ بِٱلصَّلَوٰةِ وَٱصْطَبِرْ عَلَيْهَا ۖ لَا نَسْـَٔلُكَ رِزْقًا ۖ نَّحْنُ نَرْزُقُكَ ۗ وَٱلْعَٰقِبَةُ لِلتَّقْوَىٰ ۝

16. व ला तमुद्दन न ऐनै क इला मा मत्तअ़्ना बिही अज़्वाजम मिन हुम ज़ह्रतल हयातिद्दुन्या लि नफ़्ति न हुम फ़ीहि व रिज़्क़ु रब्बि क ख़ैरु वंव अब्क़ा वअ्मुर अह्ल क बिस्सलाति वस्तबिर अ़लैहा ला नस्अलु क रिज़्क़न नह्नु नर्ज़ुक़ु क वल आ़क़िबतु लित्तक़्वा।

-पारा 16, रुकूअ़ 17

तर्जुमा- और हरगिज़ उन चीज़ों की तरफ़ आप आंख उठा कर न देखें, जिनसे हमने कुफ़्फ़ार के मुख़्तलिफ़ गिरोहों को उनकी आज़माइश के लिए मुतमत्तअ कर रखा है कि वे सिर्फ़ दुनिया की ज़िंदगी की रौनक़ है और आपके रब का अतिय्या कई दर्जे बेहतर है और देर तक क़ायम रहने वाला है और अपने मुताल्लिक़ लोगों को नमाज़ का हुक्म करते रहिए और ख़ुद भी उसके पाबन्द रहिए। हम आप से रोज़ी (कमवाना) नहीं चाहते। मआश तो आप को हम देंगे। आख़िरत तक़्वा वालों के लिए है।

ख़ासियत- इसको लिख कर बाज़ू पर बांधे तो अगर बेशादी है, शादी हो जाए, भूल का मर्ज़ हो तो ख़त्म हो जाए, मरीज़ हो तो शिफ़ा हो, फ़क़ीर हो तो तवंगर हो जाए।

17. सूरः अह्ज़ाब (पारा 21)

ख़ासियत- लड़कियों के पैग़ाम ज़्यादा से ज़्यादा आएं, इसके लिए इसे हिरन की झिल्ली या काग़ज़ पर लिख कर एक डिब्बे में बन्द करके घर में रख दे।

2. शौहर को मेहरबान बनाना

ط وَمِنَ النَّاسِ مَنْ يَّتَّخِذُ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ اَنْدَادًا يُّحِبُّوْنَهُمْ كَحُبِّ اللّٰهِ ط وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اَشَدُّ حُبًّا لِّلّٰهِ ط وَلَوْ يَرَى الَّذِيْنَ ظَلَمُوْٓا اِذْ يَرَوْنَ الْعَذَابَ اَنَّ الْقُوَّةَ لِلّٰهِ جَمِيْعًا وَّاَنَّ اللّٰهَ شَدِيْدُ الْعَذَابِ ۝ (پارہ ۲ رکوع ۴)

1. व मिनन्नासि मंय्यत्तख़िज़ु मिन दूनिल्लाहि अन्दा दंय्युहिब्बूनहुम क हुब्बिल्लाहि वल्लज़ी न आमनू अशद्दु हुब्बल्लिल्लाहि व लौ यरल्लज़ी न ज़ लमू इज़ यरौनल अज़ा ब अन्नल क़ुव्वत लिल्लहि जमीअन व अन्नल्ला ह शदीदुल अज़ाब०   -पारा 2, रुकूअ 4

ख़ासियत- जिसका शौहर नाराज़ हो, इस आयत को मिठाई पर पढ़ कर खिलाये, इन्शाअल्लाह तआला मेहरबान हो जाएगा, मगर वाज़ेह रहे कि ना-जायज़ महल में असर न होगा।

3. बीवी का मुहब्बत करना

1. सूरः युसूफ़ को अगर लिख कर और तावीज़ बना कर बाज़ू पर बांधे तो उसकी बीवी उसको बहुत चाहने लगे।

2. अल-मुग्नी (तवंगर करने वाले)

ख़ासियत- हज़ार बार पढ़े तो तवंगरी हासिल हो और अगर जिमाअ़ के वक़्त ख़्याल से पढ़े तो बीवी उससे मुहब्बत करने लगे।

4. औलाद वाला होना

ط رَبِّ هَبْ لِيْ مِنْ لَّدُنْكَ ذُرِّيَّةً طَيِّبَةً ۚ اِنَّكَ سَمِيْعُ الدُّعَآءِ ۝

1. रब्बि हब ली मिल्लदुन क ज़ुर्रीयतन तय्यिबतन इन्न क समी

अुद्दुआ इ० (पारा 3, रुकूअ़ 12)

तर्जुमा- (हज़रत ज़करिय्या ने अर्ज़ किया) ऐ मेरे रब ! इनायत कीजिए मुझको ख़ास अपने पास से कोई अच्छी औलाद। बेशक आप दुआ़ के सुनने वाले हैं।

ख़ासियत- जिसको औलाद से मायूसी हो गयी हो, इस आयत को पढ़ा करे, अल्लाह इस आयत की बरकत से नेक लड़का अता फ़रमायेगा, इन्शाअल्लाह तआ़ला।

۲ رَبِّ لَا تَذَرْنِيْ فَرْدًا وَّاَنْتَ خَيْرُ الْوٰرِثِيْنَ ۝

2. रब्बि ला तज़र्नी फ़र्द वंव अन त ख़ैरुल वारिसीन०

(पारा 17, रुकूअ़ 6)

तर्जुमा- ऐ मेरे परवरदिगार ! मुझको ला-वारिस मत रखियो (यानी मुझे फ़रजंद दीजिए कि मेरा वारिस हो) और सब वारिसों से बेहतर आप ही हैं।

ख़ासियत- जिसको औलाद से मायूसी हो, हर नमाज़ के बाद तीन बार पढ़ा करे, इन्शाअल्लाह तआ़ला औलाद वाला हो जाएगा। यह दुआ़ हज़रत ज़करिय्या अ़लैहिस्सलाम की है।

۳ وَالسَّمَآءَ بَنَيْنٰهَا بِاَيْدٍ وَّاِنَّا لَمُوْسِعُوْنَ ۝ وَالْاَرْضَ فَرَشْنٰهَا فَنِعْمَ الْمٰهِدُوْنَ ۝

3. वस्समा अ बनैना हा बि अयदिंव्व इन्ना ल मूसिअ़ून वल् अर्ज़ फ़रश्नाहा फ़ नि अ़मल माहिदून० (पारा 27, रुकूअ़ 2)

तर्जुमा- और हमने आसमानों को (अपनी) क़ुदरत से बनाया और हम बड़ी क़ुदरत वाले हैं और हमने ज़मीन को फ़र्श बनाया, सो हम (कैसे)

अच्छे बिछाने वाले हैं।

ख़ासियत– जिसको औलाद से मायूसी हो, तो वह दो अंडे रोज़ ज़ोश करके और पोस्त दूर करके एक पर 'वस्समा अ बनैना हा बि अयदिंव्व इन्ना ल मूसिअ़ून और दूसरे पर 'वल् अर्ज़ फ़रश्नाहा फ़निअ़्मल माहिदून०' लिखे। पहला अंडा मर्द और दूसरा अंडा औरत खाये। इसी तरह चालीस दिन तक यह तर्कीब करे और इस दर्मियान में क़ुर्बत भी करता जाए, इन्शाअल्लाह तआ़ला हमल ठहर जाएगा।

٤ فَقُلْتُ اسْتَغْفِرُوا رَبَّكُمْ إِنَّهُ كَانَ غَفَّارًا ۙ يُرْسِلِ السَّمَاءَ عَلَيْكُمْ مِّدْرَارًا ۙ وَّيُمْدِدْكُمْ بِأَمْوَالٍ وَّبَنِيْنَ وَيَجْعَلْ لَّكُمْ جَنّٰتٍ وَّيَجْعَلْ لَّكُمْ أَنْهٰرًا ۗ

4. फ़क़ुल्तुस्तग़्फ़िरू रब्ब कुम इन्नहु का न ग़फ़्फ़ारंय्युर्सिलिस्समा अ अ़लैकुम मिदरारा०व युम्दिदकुम बिअम्वालिंव व बनी न व यजअ़ल्लकुम जन्नातिंव व यजअ़ल्लकुम अन्हारा० (पारा 29, रुकूअ़ 9)

तर्जुमा– और मैंने कहा कि तुम अपने परवरदिगार से गुनाह बख़्शवाओ, बेशक वह बड़ा बख़्शने वाला है। तुम पर बहुत ज़्यादा बारिश भेजेगा और तुम्हारे माल और औलाद में तरक़्क़ी देगा और तुम्हारे लिए बाग़ लगा देगा और तुम्हारे लिए नहरें बहा देगा।

ख़ासियत– कुछ लोग हज़रत हसन बसरी रह० के पास आये। किसी ने पानी न बरसने की शिकायत की और किसी ने औलाद न होने की शिकायत की और किसी ने दूसरी ज़रूरत के लिए कहा। आपने सबके जवाब में फ़रमाया कि 'इस्तिग़फ़ार' किया करो। एक आदमी ने पूछा कि या हज़रत! इसकी क्या वजह कि आपने सबको इस्तिग़फ़ार ही के लिए फ़रमाया है। आपने जवाब में इन ही आयतों को पढ़ा और फ़रमाया कि देखो अल्लाह तआ़ला ने अपने कलाम पाक में इसी को इर्शाद फ़रमाया है।

5. बांझपन ख़त्म होना

۱ وَإِنِّي خِفْتُ الْمَوَالِيَ مِنْ وَرَاءِي وَكَانَتِ امْرَأَتِي عَاقِرًا فَهَبْ لِي مِنْ لَدُنْكَ
وَلِيًّا ۝ يَرِثُنِي وَيَرِثُ مِنْ آلِ يَعْقُوبَ ق وَاجْعَلْهُ رَبِّ رَضِيًّا ۝ يَا زَكَرِيَّا إِنَّا
نُبَشِّرُكَ بِغُلَامٍ اسْمُهُ يَحْيَىٰ لَمْ نَجْعَلْ لَهُ مِنْ قَبْلُ سَمِيًّا ۝ قَالَ رَبِّ أَنَّىٰ يَكُونُ
لِي غُلَامٌ وَكَانَتِ امْرَأَتِي عَاقِرًا وَقَدْ بَلَغْتُ مِنَ الْكِبَرِ عِتِيًّا ۝ قَالَ كَذَٰلِكَ
قَالَ رَبُّكَ هُوَ عَلَيَّ هَيِّنٌ وَقَدْ خَلَقْتُكَ مِنْ قَبْلُ وَلَمْ تَكُ شَيْئًا ۝ قَالَ رَبِّ اجْعَلْ
لِي آيَةً قَالَ آيَتُكَ أَلَّا تُكَلِّمَ النَّاسَ ثَلَاثَ لَيَالٍ سَوِيًّا ۝ فَخَرَجَ عَلَىٰ قَوْمِهِ مِنَ
الْمِحْرَابِ فَأَوْحَىٰ إِلَيْهِمْ أَنْ سَبِّحُوا بُكْرَةً وَعَشِيًّا ۝ يَا يَحْيَىٰ خُذِ الْكِتَابَ بِقُوَّةٍ
وَآتَيْنَاهُ الْحُكْمَ صَبِيًّا ۝ وَحَنَانًا مِنْ لَدُنَّا وَزَكَاةً ط وَكَانَ تَقِيًّا ۝ وَبَرًّا
بِوَالِدَيْهِ وَلَمْ يَكُنْ جَبَّارًا عَصِيًّا ۝ وَسَلَامٌ عَلَيْهِ يَوْمَ وُلِدَ وَيَوْمَ يَمُوتُ
وَيَوْمَ يُبْعَثُ حَيًّا ۝

1. व इन्नी ख़िफ़्तु से व यौ म युब्अ़सु हय्यन॰ तक
(पारा 16, रुकूअ़ 4)

ख़ासियत– जिस औरत को हमल न रहता हो, दोनों मियां-बीवी जुमा के दिन रोज़ा रखें और शकर और बादाम और रोटी से इफ़्तार करें और पानी बिल्कुल न पिएं और ये आयतें शीशे के जाम पर शहद से, जिसको आग न पहुंची हो, लिख कर पाक मीठे पानी से धोकर सफ़ेद नख़ूद दो सौ चालीस दाने पर ये आयतें पढ़ कर इस पानी को हंडिया में डाल कर वह नख़ूद उसमें डाल दें और ख़ूब तेज़ आंच कर दें, फिर इशा की नमाज़ पढ़ कर सूर: मरयम पढ़े। जब नख़ूद ख़ूब पक जाएं, पानी से निकाल लें और उसमें थोड़ा अंगूर के पानी को बढ़ाकर आधा-आधा दोनों मियां-बीवी पिएं और थोड़ी देर सो रहें, फिर उठ कर मुबाशरत करें। इन्शाअल्लाह तआ़ला उसी रोज़ हमल रह जाएगा और तीन रात तक खाना खाने से पहले इसी

तरह करें तो औलाद बहुत अच्छी हो।

٢۔ وَلَقَدْ خَلَقْنَا الْاِنْسَانَ مِنْ سُلٰلَةٍ مِّنْ طِيْنٍ ۚ ثُمَّ جَعَلْنٰهُ نُطْفَةً فِيْ قَرَارٍ مَّكِيْنٍ ۚ ثُمَّ خَلَقْنَا النُّطْفَةَ عَلَقَةً فَخَلَقْنَا الْعَلَقَةَ مُضْغَةً فَخَلَقْنَا الْمُضْغَةَ عِظٰمًا فَكَسَوْنَا الْعِظٰمَ لَحْمًا ۚ ثُمَّ اَنْشَاْنٰهُ خَلْقًا اٰخَرَ ۚ فَتَبٰرَكَ اللّٰهُ اَحْسَنُ الْخٰلِقِيْنَ ۝

2. व ल कद ख़लक़्नल इंसा न मिन सुलालतिम मिन तीन सुम म जअ़ल्नाहु नुत्फ़तन फ़ी क़रारिम मकीन॰ सुम म ख़लक़्नन नुत्फ़ त अ़ल कतन फ ख़लक़्नल अ़ ल क़ त मुज़्ग़तन फ़ख़लक़्नल मुज़्ग़ त अ़िज़ामन फ़कसौनल अ़िज़ा म लह्मन सुम म अन्शअ्नाहु ख़ल्क़न आख़र फ़ तबा रकल्लाहु अह्सनुल ख़ालिक़ीन॰ (पारा 18, रुकूअ़ 1)

ख़ासियत- औरत के हामिला होने के वास्ते ये तीन आयतें रैहान अतर्जी के सात पत्तों पर लिख कर औरत उनको एक-एक पत्ता करके निगल जाए और हर पत्ते पर पीले रंग की गाय का दूध एक घूंट पी जाए। इन्शाअल्लाह तआ़ला उसको हमल क़रार पाए।

3. जिस दिन औरत हैज़ से पाक होकर ग़ुस्ल करे, एक बकरी का बच्चा फ़रबा ज़िब्ह करके एक देगचे में थोड़े पानी में यख़नी के तौर पर पकाया जाए और वह पानी औरत को पिला दिया जाए और एक बर्तन में सूरः फ़ातिहा, दरूद शरीफ़ और अबजद से ज़ज़्ज़ग़ तक लिख कर और दूसरे बर्तन में- قَالَ اِنَّمَآ اَنَا رَسُوْلُ رَبِّكِ ۖ لِاَهَبَ لَكِ غُلٰمًا زَكِيًّا ۝ قَالَتْ اَنّٰى يَكُوْنُ لِيْ غُلٰمٌ وَّلَمْ يَمْسَسْنِيْ بَشَرٌ وَّلَمْ اَكُ بَغِيًّا ۝ قَالَ كَذٰلِكِ ۚ قَالَ رَبُّكِ هُوَ عَلَيَّ هَيِّنٌ ۚ وَلِنَجْعَلَهٗٓ اٰيَةً لِّلنَّاسِ وَرَحْمَةً مِّنَّا ۚ وَكَانَ اَمْرًا مَّقْضِيًّا ۝ فَحَمَلَتْهُ بِعَوْنِ اللّٰهِ فَحَمَلَتْهُ بِلُطْفِ اللّٰهِ فَحَمَلَتْهُ بِلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ فَانْتَبَذَتْ

بِهٖ مَكَانًا قَصِيًّا ۝ إِنَّمَا أَمْرُهُ إِذَا أَرَادَ شَيْئًا أَن يَقُولَ لَهُ كُن فَيَكُونُ ۝

का ल इन्नमा अना रसूलु रब्बिकि लि अ ह ब लकि ग़ुलामन ज़किय्या॰ कालत अन्ना यकूनु ली ग़ुलामुंव व लम् यम्सस्नी ब-श-रुंव व लम अकु बग़िय्या॰ का ल कज़ालि कि का ल रब्बुकि हु व अ़लय य हय्यिनुवंव लि न जुअ़ लहू आय तल्लिन्नासि व रहमतम मिन्ना व का न अम्रम मक़्ज़िय्या॰ फ़ ह म लतहु बिऔ़निल्लाहि फ़ हमलतहु बिलुत्फ़िल्लाहि फ़ हम लतहु बि ला हौल वला क़ुव्वत इल्ला बिल्लाहि फ़न्त ब ज़त बिही मकानन क़सिय्या॰ इन्नमा अम्रुहू इज़ा अरा द शैअन अंय्यक़ू ल लहू कुन फ़ यकून॰

लिख कर पानी में हल करके शौहर क़ुर्बत के वक़्त पी ले, इन्शाअल्लाहु तआ़ला हमल रह जाएगा।

4. बांझ के लिए-

बांझ औरत के वास्ते हिरन की झिल्ली पर गुलाब और ज़ाफ़रान से यह आयत लिखे-

وَلَوْ أَنَّ قُرْآنًا سُيِّرَتْ بِهِ الْجِبَالُ أَوْ قُطِّعَتْ بِهِ الْأَرْضُ أَوْ كُلِّمَ بِهِ الْمَوْتَىٰ بَل لِّلَّهِ الْأَمْرُ جَمِيعًا ط

व लौ अन् न क़ुरआनन सुय्यिरत बिहिल जिबालु अव क़ुत्तिअ़त बिहिल अर ज़ु औ कुल्लि म बिहिल मौता बल-लिल्लाहिल अम्रु जमीअ़न- फ़िर उस तावीज़ को गरदन में बांधे।

5. बांझ के लिए-

चालीस लौंगों पर सात बार इस आयत को पढ़े -

أَوْ كَظُلُمَاتٍ فِي بَحْرٍ لُّجِّيٍّ يَغْشَاهُ مَوْجٌ مِّن فَوْقِهِ مَوْجٌ مِّن فَوْقِهِ سَحَابٌ ظُلُمَاتٌ بَعْضُهَا فَوْقَ بَعْضٍ إِذَا أَخْرَجَ يَدَهُ لَمْ يَكَدْ يَرَاهَا وَمَن لَّمْ يَجْعَلِ اللَّهُ لَهُ نُورًا فَمَا لَهُ مِن نُّورٍ ۝

औ क ज़ुलुमातिन फी बह्रिल्लुज्जीयिन यग़शाहु मौजुम मिन फौक़िही सहाबुन ज़ुलुमातुम बअ़ज़ुहा फौ क बअ़जिन इज़ा अख़ रज य द हू लम यकद यराहा व मल्लम यज्अ़लिल्लाहु लहु नूरन फ़मा लहू मिन नूर०

और एक लौंग को हर दिन खाये और शुरू करे हैज़ के ग़ुस्ल होने से और उन दिनों में उसका ज़ौज़ (पति) उस से सोहबत करता रहे।

फ़ायदा- मौलाना ने फ़रमाया और शर्त इस अ़मल की यह भी है कि लौंग रात को खाये और उस पर पानी न पिए।

6. अल-बरिउल मुसव्विर (बनाने वाले, सूरत बनाने वाले)

ख़ासियत- ज़्यादा से ज़्यादा ज़िक्र करने से नयी-नयी सन्अ़तों का ईजाद आसान हो। अगर बांझ औरत सात रोज़ तक रोज़ा रखे और पानी से इफ़्तार करे और इफ़्तार के बाद 21 बार पढ़े तो इन्शाअल्लाहु तअ़ाला हमल क़रार पाये और औलाद हो।

6. हमल की हिफ़ाज़त

ﷲ يَعْلَمُ مَا تَحْمِلُ كُلُّ اُنْثٰى وَمَا تَغِيْضُ الْاَرْحَامُ وَمَا تَزْدَادُ ط
وَكُلُّ شَيْءٍ عِنْدَهٗ بِمِقْدَارٍ ۝

1. अल्लाहु यअ़लमु मा तह्मिलु कुल्लु उन्सा वमा तग़ीज़ुल अर्हामु व मा तज़्दादु व कुल्लु शैइन अ़िन्दहू बिमिक़्दारिन० (पारा 13, रुकूअ़ 8)

तर्जुमा- अल्लाह तआ़ला को सब ख़बर रहती है, जो कुछ किसी औरत को हमल रहता है (लड़का या लड़की) और जो कुछ रहम में कमी-बेशी होती है और हर चीज़ अल्लाह के नज़दीक एक ख़ास अन्दाजे से है।

ख़ासियत- अगर हमल गिर जाने का डर हो या हमल न ठहरता हो, तो यह आयत और ऊपर वाली आयत इन दोनों को लिख कर औरत

के रहम पर बांधे, इन्शाअल्लाहु तआ़ला हमल महफ़ूज़ रहेगा और अगर न ठहरता होगा, तो करार पायेगा।

٢ يَآاَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوا رَبَّكُمْ اِنَّ زَلْزَلَةَ السَّاعَةِ شَيْءٌ عَظِيْمٌ

2. या अय्युहन्नासुत्त क़ू रब्बकुम इन न ज़लज़लतस्सा अ़ति शैउ़न अ़ज़ीम० (पारा 17, रुकूअ़ 8)

तर्जुमा– ऐ लोगो ! अपने रब से डरो (क्योंकि) यकीनन क़ियामत (के दिन का) ज़लज़ला बड़ी भारी चीज़ होगी।

ख़ासियत– हमल की हिफ़ाज़त के लिए फ़ायदेमंद है। हर नमाज़ के बाद तीन बार पढ़ा करे।

٣ اِذْ قَالَتِ امْرَاَتُ عِمْرٰنَ رَبِّ اِنِّيْ نَذَرْتُ لَكَ مَا فِيْ بَطْنِيْ مُحَرَّرًا فَتَقَبَّلْ مِنِّيْ ج اِنَّكَ اَنْتَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ○ فَلَمَّا وَضَعَتْهَا قَالَتْ رَبِّ اِنِّيْ وَضَعْتُهَآ اُنْثٰى ط وَاللّٰهُ اَعْلَمُ بِمَا وَضَعَتْ ط وَلَيْسَ الذَّكَرُ كَالْاُنْثٰى ج وَاِنِّيْ سَمَّيْتُهَا مَرْيَمَ وَاِنِّيْٓ اُعِيْذُهَا بِكَ وَذُرِّيَّتَهَا مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ○ فَتَقَبَّلَهَا رَبُّهَا بِقَبُوْلٍ حَسَنٍ وَّاَنْۢبَتَهَا نَبَاتًا حَسَنًا وَّكَفَّلَهَا زَكَرِيَّا ط كُلَّمَا دَخَلَ عَلَيْهَا زَكَرِيَّا الْمِحْرَابَ وَجَدَ عِنْدَهَا رِزْقًا ج قَالَ يٰمَرْيَمُ اَنّٰى لَكِ هٰذَا ط قَالَتْ هُوَ مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ ط اِنَّ اللّٰهَ يَرْزُقُ مَنْ يَّشَآءُ بِغَيْرِ حِسَابٍ ○

3. पारा 3, रुकूअ़ 12 से इज़ कालतिम र अ तु............बिग़ैरि हिसाब०

ख़ासियत– यह आयत हमल की हिफ़ाज़त और बच्चों को आफ़तों और तबदीलियों और दूसरे ऐबों और बुरी नज़र से बचाये रखने के लिए है। इन आयतों को गुलाब और ज़ाफ़रान से हिरन की झिल्ली पर लिख कर

हामिला औरत की दाहिनी कोख पर बांध दे, बच्चा होने तक बंधा रहे। इन्शाअल्लाहु तआला तमाम आफतों से बची रहेगी।

وَالَّتِىٓ اَحۡصَنَتۡ فَرۡجَهَا فَنَفَخۡنَا فِيۡهَا مِنۡ رُّوۡحِنَا وَجَعَلۡنٰهَا وَابۡنَهَاۤ اٰيَةً لِّلۡعٰلَمِيۡنَ ○ اِنَّ هٰذِهٖۤ اُمَّتُكُمۡ اُمَّةً وَّاحِدَةً ۖ وَّاَنَا رَبُّكُمۡ فَاعۡبُدُوۡنِ ○ وَتَقَطَّعُوۡۤا اَمۡرَهُمۡ بَيۡنَهُمۡ ؕ كُلٌّ اِلَيۡنَا رٰجِعُوۡنَ ○

4. वल्लती अह्सनत फ़र्जहा फ़ न फ़ख़्ना फ़ीहा मिर्रूहिना व जअल्नाहा वब्नहा आयतल्लिल आलमीम० इन न हाज़िही उम्मतुकुम उम्मतंव वाहिदतन व अना रब्बुकुम फ़अबुदूनि० व तक़त्तअू अम्रहुम बैनहुम कुल्लुन इलैना राजिअुन० (पारा 17, रुकूअ 6)

ख़ासियत– हमल की हिफ़ाज़त और बच्चा सही व सालिम पैदा होने के लिये ये आयतें लिख कर शुरु हमल में चालीस दिन तक हामिला औरत के बांध दें, फिर खोल कर नवें महीने फिर बांधे, फिर पैदाइश के बाद तावीज़ खोल कर बच्चे के बांध दें।

5. सूरतुल हुजुरात (पारा 26)

ख़ासियत– काग़ज़ पर लिख कर दीवारों पर चस्पां कर दे तो आसेब न आए। लिख कर पिलाने से दूध बढ़े और हमल की हिफ़ाज़त रहे।

6. सूरः अल-हाक़्क़ा (पारा 29)

ख़ासियत– हामिला के बांधने से बच्चा हर आफ़त से बचा रहे। अगर बच्चा होने के वक़्त उसको पढ़ा हुआ पानी मुंह में लगाएं, तो उसको अक़्लमंदी हासिल हो और हर मर्ज़ और हर आफ़त से, जिसमें बच्चे मुब्तला हो जाते हैं, बचा रहे और अगर रोग़ने ज़ैतून पढ़ कर बच्चे को मल दें तो बहुत फ़ायदा बख़्शे और सब कीड़े-मकोड़े और मूज़ी जानवरों से बचा रहे

और यह तेल तमाम ज़िस्मानी दर्दों को नफ़ा देता है।

7. हमल या फलों के गिरने से बचाने के लिए यह लिख कर बांध दिया जाए-

إِنَّ اللّٰهَ يُمْسِكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ اَنْ
تَزُوْلَا ۚ وَلَئِنْ زَالَتَآ اِنْ اَمْسَكَهُمَا مِنْ اَحَدٍ مِّنْ بَعْدِهٖ ۚ اِنَّهٗ كَانَ حَلِيْمًا
غَفُوْرًا ۝ وَلَهٗ مَا سَكَنَ فِى الَّيْلِ وَالنَّهَارِ ۚ وَهُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ۝ وَلَبِثُوْا فِىْ كَهْفِهِمْ
ثَلٰثَ مِائَةٍ سِنِيْنَ وَازْدَادُوْا تِسْعًا ۝ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ الْعَلِىِّ الْعَظِيْمِ

इन्नल्ला ह युम्सिकुस्समावाति वल् अर्ज़ अन् तज़ूला व लइन ज़ा ल ता इन अम्स क हुमा मिन अ ह दिम मिम बअ़दिही इन्नहू का न हलीमन ग़फ़ूरा० व लहू मा स क न फ़िल्लैलि वन्नहारि व हुवस्समीअ़ुल अ़लीम वल बिसू फ़ी कह्फ़िहिम सला स मि अतिन सिनी न वज़्दादू त्तिस् अ़न व लाहौ ल व ला क़ुव्वत इल्ला बिल्लाहिल अ़लिय्यिल अ़ज़ीम०

8. या इसे किसी बर्तन पर लिख कर पिलाया जाए-

٩ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ———— اَوَلَمْ يَرَ الَّذِيْنَ
كَفَرُوْٓا اَنَّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ كَانَتَا رَتْقًا فَفَتَقْنٰهُمَا ۭ وَجَعَلْنَا مِنَ الْمَآءِ كُلَّ
يَاأَيُّهَا النَّبِيُّ إِنَّا أَرْسَلْنَاكَ شَاهِدًا وَّمُبَشِّرًا وَّنَذِيرًا ۝ وَّدَاعِيًا إِلَى اللّٰهِ بِإِذْنِهٖ وَسِرَاجًا مُّنِيرًا ۝ وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِينَ بِأَنَّ لَهُمْ مِّنَ اللّٰهِ فَضْلًا كَبِيرًا ۝ وَلَا تُطِعِ الْكَافِرِينَ وَالْمُنَافِقِينَ وَدَعْ أَذَاهُمْ وَتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ ۚ وَكَفٰى بِاللّٰهِ وَكِيلًا ۝

4. या अय्युहन्नबिय्यु इन्ना अर्सल्ना क शाहिदंव व मुबश्शिरंव व नज़ीरंव व दाञियन इलल्लाहि बिइज़्निही व सिराजम मुनीरा० व बश्शिरिल मुअ् मिनी न बि अन न लहुम मिनल्लाहि फ़ज़लन कबीरा० व ला तुतिञिल काफि री न वल मुनाफ़िक़ी न व दअ् अज़ाहुम व त वक्कल ञलल्लाहि व कफ़ा बिल्लाहि वकीला० -पारा 22, रुकूअ् 3

तर्जुमा- ऐ नबी ! हमने बेशक आपको इस शान का रसूल बना कर भेजा है कि आप गवाह होंगे और आप (मोमिनों के) ख़ुश ख़बरी देने वाले हैं और (काफ़िरों के) डराने वाले हैं और (सब को अल्लाह की तरफ़ उसके हुक्म से बुलाने वाले हैं) आप एक रोशन चिराग़ हैं और मोमिनों को बशारत दीजिए कि उन पर अल्लाह की तरफ़ से बड़ा फ़ज़्ल होने वाला है और काफ़िरों और मुनाफ़िक़ों का कहना न कीजिए और उनकी तरफ़ से जो तक्लीफ़ पहुंचे, उसका ख़्याल न कीजिए और अल्लाह पर भरोसा कीजिए। अल्लाह काफ़ी कारसाज़ है।

ख़ासियत- रोग़न चम्बेली में मुश्क व ज़ाफ़रान हल करके सुबह की नमाज़ के बाद इन आयतों को सात दिन तक इस पर दम करके शीशी में रख छोड़ें, भवों और गालों को लगा कर जिसके सामने जाएं, वह उसकी इज़्ज़त करे और इज़्ज़त और भले तरीक़े से पेश आए, जो मांगे वह दे और

सब पर उसका रौब हो।

5. अल-अज़ीमु (बुज़ुर्ग)

ख़ासियत– ज़्यादा से ज़्यादा ज़िक्र करने से इज़्ज़त और हर मर्ज़ से शिफ़ा हो।

6. अल-जलीलु (बुज़ुर्ग)

ख़ासियत– इसको ज़्यादा से ज़्यादा ज़िक्र करने से मुश्क व ज़ाफ़रान से लिख कर पास रखने से क़द्र व मंज़िलत ज़्यादा हो।

7. ज़ुल जलालि वल इक्रामि (बुज़ुर्गी और इनाम वाला)

ख़ासियत– इसके ज़िक्र करने से इज़्ज़त व बुज़ुर्गी हासिल हो।

4. मुहब्बत के लिए

१. يُحِبُّهُمْ وَيُحِبُّوْنَهٗٓ اَذِلَّةٍ عَلَى الْمُؤْمِنِيْنَ اَعِزَّةٍ عَلَى الْكٰفِرِيْنَ

1. युहिब्बुहुम व युहिब्बू न हू अज़िल्लति न अलल् मुअ् मि नी न अ ज़िज़् तिन अल ल् काफ़िरीन॰ –पारा 6 रुकूअ़ 12

तर्जुमा– जिनसे अल्लाह तआ़ला को मुहब्बत होगी और उनको अल्लाह तआ़ला से मुहब्बत होगी, मेहरबान होंगे मुसलमानों पर तेज़ होंगे काफ़िरों पर।

ख़ासियत– इस आयत को मिठाई पर दम करके खिलाए जिसको खिलाए, इन्शाअल्लाह तआ़ला उससे मुहब्बत हो जाएगी।

२. هُوَالَّذِیْٓ اَيَّدَكَ بِنَصْرِهٖ وَبِالْمُؤْمِنِيْنَ ۝ وَاَلَّفَ بَيْنَ قُلُوْبِهِمْ ؕ لَوْاَنْفَقْتَ مَا فِى الْاَرْضِ جَمِيْعًا مَّآ اَلَّفْتَ بَيْنَ قُلُوْبِهِمْ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ اَلَّفَ بَيْنَهُمْ ؕ اِنَّهٗ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ۝

2. हुवल्लज़ी अय्य द क बि नसरि ही बिल् मुअ्मिनी न व अल् लफ़ बैन क़ुलूबिहिम लौ अन्फ़क्त मा फ़िल अर्ज़ि जमीअ़म मा अल्लफ़्त बै न क़ुलू बिहिम व लाकिन्नल्ला ह अल्ल फ़ बै न हुम इन्नहू अ़ज़ी-ज़ुन हकीम० (पारा 10, रुकूअ़ 4)

तर्जुमा– और वही है जिसने आपको अपनी (ग़ैबी) मदद (फ़रिश्तों) से और (ज़ाहिरी मदद) मुसलमानों से ताक़त दी और उनके दिलों में एकता पैदा कर दी और अगर आप दुनिया भर का माल ख़र्च करते, तब भी उनके दिलों में एकता पैदा न कर सकते। लेकिन अल्लाह ही ने उनमें आपसी एकता पैदा कर दी। बेशक वह ज़बरदस्त हिक्मत वाला है।

ख़ासियत– मुहब्बत के लिए मिठाई पर दम करके खिलाये, दिली मुहब्बत इन्शाअल्लाह तआ़ला हो जाएगी।

٣ يُوسُفُ أَعْرِضْ عَنْ هَٰذَا ۚ وَاسْتَغْفِرِي لِذَنبِكِ ۖ إِنَّكِ كُنتِ مِنَ الْخَاطِئِينَ ۝ وَقَالَ نِسْوَةٌ فِي الْمَدِينَةِ امْرَأَتُ الْعَزِيزِ تُرَاوِدُ فَتَاهَا عَن نَّفْسِهِ ۖ قَدْ شَغَفَهَا حُبًّا ۖ إِنَّا لَنَرَاهَا فِي ضَلَالٍ مُّبِينٍ ۝

3. यूसुफ़ु अअ़्रिज़ अ़न हाज़ा वस्तग़्फ़िरी लि ज़म्बि कि इन्नकि कुन्ति मिनल ख़ातिईन० व क़ा ल निस्वतुन फ़िल मदी न तिम र अ तुल अ़ज़ीज़ि तुराविदु फ़ता हा अ़न नफ़्सि ही क़द श ग़ फ़ हा हुब्बन इन्ना ल न राहा फ़ी ज़लालिम मुबीन० -पारा 12, रुकूअ़ 13

तर्जुमा– ऐ यूसुफ! इस बात को जाने दो और (औरत से कहा) ऐ औरत! तू (यूसुफ़ से) अपने क़ुसूर की माफ़ी मांग। बेशक सर ता सर तू ही क़ुसूरवार है और कुछ औरतों ने जो कि शहर में रहती थीं, यह बात कही कि अ़ज़ीज़ की बीवी अपने ग़ुलाम को उससे ना-जायज़ मतलब हासिल करने के लिए फुसलाती है। इस ग़ुलाम का इश्क उसके दिल में जगह

कर गया है। हम तो उसको खुली ग़लती में देखते हैं।

ख़ासियत– यह मुहब्बत की आयतों में से हैं, जिसकी तर्कीब ऊपर दो जगह गुज़र चुकी है।

إِنِّيٓ أَحۡبَبۡتُ حُبَّ ٱلۡخَيۡرِ عَن ذِكۡرِ رَبِّي حَتَّىٰ تَوَارَتۡ بِٱلۡحِجَابِ
رُدُّوهَا عَلَيَّۖ فَطَفِقَ مَسۡحَۢا بِٱلسُّوقِ وَٱلۡأَعۡنَاقِ ۝

4. इन्नी अह्बब्तु हुब्बल ख़ैरि अ़न ज़िक्रि रब्बी हत्ता तवारत बिल हिजाबि रुद्दूहा अ़लय्य फ़ तफ़ि क़ मस्हम बिस्सूक़ि वल अअ़्-नाक़ि॰

(पारा 23, रुकूअ़ 12)

तर्जुमा– मैं उस माल की मुहब्बत में अपने रब की याद से ग़ाफ़िल हो गया, यहां तक कि सूरज (पश्चिम) के पर्दे में छिप गया। (फिर नौकरों-चाकरों को) हुक्म दिया कि इन घोड़ों को ज़रा फेर कर मेरे सामने लाओ। उन्होंने उनकी पिंडलियों और गरदनों पर (तलवार से) हाथ साफ़ करना शुरू कर दिया।

ख़ासियत– मुहब्बत की आयतों में से है। तर्कीब ऊपर गुज़र चुकी है।

وَٱعۡتَصِمُواْ بِحَبۡلِ ٱللَّهِ جَمِيعٗا وَلَا تَفَرَّقُواْۚ
وَٱذۡكُرُواْ نِعۡمَتَ ٱللَّهِ عَلَيۡكُمۡ إِذۡ كُنتُمۡ أَعۡدَآءٗ فَأَلَّفَ بَيۡنَ قُلُوبِكُمۡ
فَأَصۡبَحۡتُم بِنِعۡمَتِهِۦٓ إِخۡوَٰنٗا وَكُنتُمۡ عَلَىٰ شَفَا حُفۡرَةٖ مِّنَ ٱلنَّارِ فَأَنقَذَكُم
مِّنۡهَاۗ كَذَٰلِكَ يُبَيِّنُ ٱللَّهُ لَكُمۡ ءَايَٰتِهِۦ لَعَلَّكُمۡ تَهۡتَدُونَ ۝ وَلۡتَكُن مِّنكُمۡ
أُمَّةٞ يَدۡعُونَ إِلَى ٱلۡخَيۡرِ وَيَأۡمُرُونَ بِٱلۡمَعۡرُوفِ وَيَنۡهَوۡنَ عَنِ ٱلۡمُنكَرِۚ
وَأُوْلَٰٓئِكَ هُمُ ٱلۡمُفۡلِحُونَ ۝

5. वअ़् त सिमू बि हब्लिल्लाहि ....व उलाइ क हुमुल मुफ़्लिहून॰ तक

(पारा 4, रुकूअ़ 2)

तर्जुमा– और मज़बूत पकड़े रहो अल्लाह तआला के सिलसिले को इस तौर पर कि आपस में सब मिल कर रहो और बाहम नाइत्तिफ़ाक़ी मत करो और तुम पर जो अल्लाह तआला का इनाम है, उसको याद करो, जबकि तुम (आपस में) दुश्मन थे। पस अल्लाह तआला ने तुम्हारे दिलों में मुहब्बत डाल दी, सो अल्लाह तआला के इनाम से आपस में भाई-भाई हो गये और तुम लोग दोज़ख़ के गढ़े के किनारे पर थे, सो उससे अल्लाह तआला ने तुम्हारी जान बचा दी। इसी तरह अल्लाह तआला तुम लोगों को अपने अह्काम बयान करके बतलाते रहते हैं ताकि तुम लोग राह पर रहो और तुम में एक जमाअत ऐसा होना ज़रूरी है कि जो ख़ैर की तरफ़ बुलाया करें और नेक कामों के करने को कहा करें और बुरे कामों से रोका करें और ऐसे लोग (आख़िरत में) पूरे कामियाब होंगे।

ख़ासियत– अगर चढ़ते महीने में पीर के दिन हिरन की झिल्ली पर तूत के अर्क़ से लिख कर आख़िर में 'या मुअल्लिफ़ल क़ुलूबि अल्लिफ़ बै न फ़्ला बिन फ़्लानिन, लिखे और फ़्लां-फ़्लां की जगह उन दोनों शख़्सों के नाम लिखे, जिनमें मुहब्बत पैदा कराना मंज़ूर हो और तालिब के बाज़ू वग़ैरह पर बांध दे, मत्लूब मेहरबान हो जाएगा, अगर दुश्मनी हुई, दोस्ती में बदल जाएगी, अगर ग़ज़बनाक होगा, मेहरबान हो जाएगा और इक़बाल व जाह मयस्सर होगा और अगर उसको वाइज़ अपने पास रखे, उसका वाज़ मक़्बूल व असर वाला हो।

٦ وَنَزَعْنَا مَا فِيْ صُدُوْرِهِمْ مِّنْ غِلٍّ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهِمُ الْاَنْهٰرُ ۚ وَقَالُوا الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ هَدٰىنَا لِهٰذَا ۟ وَمَا كُنَّا لِنَهْتَدِيَ لَوْلَآ اَنْ هَدٰىنَا اللّٰهُ ۚ لَقَدْ جَآءَتْ رُسُلُ رَبِّنَا بِالْحَقِّ ۭ وَنُوْدُوْٓا اَنْ تِلْكُمُ الْجَنَّةُ اُوْرِثْتُمُوْهَا بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ۝

6. व नज़अ़ना मा से ......कुन्तुम तअ़मलून॰ तक (पारा 8, रुकूअ़ 12)

तर्जुमा– और जो कुछ उनके दिलों में ग़ुबार था, हम उसको दूर कर देंगे, उनके नीचे नहरें जारी होंगी और वे लोग कहेंगे कि अल्लाह का लाख-लाख एहसान है, जिसने हमको इस मक़ाम तक पहुंचाया और कभी पहुंच (यहां तक) न होती, अगर अल्लाह तआला हमको न पहुंचाते। वाक़ई हमारे रब के पैग़म्बर सच्ची बातें लेकर आए थे और उनसे पुकार कर कहा जाएगा कि यह जन्नत तुम को दी गयी है तुम्हारे अ़मलों के बदले।

ख़ासियत– नये तराशे क़लम से मिठाई पर लिख कर जिन लोगों में दुश्मनी और अ़दावत और ना-इत्तिफ़ाक़ी हो, उनको खिलाने से मुहब्बत व इत्तिफ़ाक़ पैदा हो जाए। इसी तरह ख़ुरमा या इंजीर या बेरी पर लिख कर खिलाने से भी असर होता है।

7. सूरतुल क़द्र (पारा 30)

ख़ासियत– जिससे मुहब्बत हो, उसके सर के बाल पकड़ कर यह सूरः पढ़े तो कोई ना-गवार बात उससे न हो।

8. 'अर्रहमानिर्रहीम' लिख कर पानी से धोकर वह पानी किसी पेड़ की जड़ में डाल दे, उसके फल में बरकत पैदा हो और अगर किसी को घोल कर पिलाए, उसके दिल में लिखने वाले की मुहब्बत पैदा हो, इसी तरह अगर तालिब और मत्लूब का नाम मय वालिदा के लिखे, उसकी मुहब्बत में परेशान हो, बशर्ते कि जायज़ मुहब्बत हो।

9. अल-कबीरु (बड़े)

ख़ासियत– ज़्यादा से ज़्यादा ज़िक्र करने से इल्म व मारफ़त का दरवाज़ा खुले और अगर खाने की चीज़ पर पढ़ कर मियां-बीवी को खिलाया जाए तो आपस में मुहब्बत हो।

10. अल-वदूदु (दोस्तदार)

ख़ासियत- अगर खाने पर एक हज़ार बार पढ़ कर बीवी के साथ खाये तो मुहब्बत करने लगे और फ़रमांबरदार हो जाए।

11. अल-वलिय्यु (मदद करने वाले)

ख़ासियत- जो ज़्यादा से ज़्यादा पढ़े, महबूब हो जाए और जिसको कोई मुश्किल पेश आये, जुमा की रात में हज़ार बार पढ़े, मुश्किल आसान हो जाए।

5. अपना हक़ वसूल करने के लिए

1. अल-मुज़िल्लु (ज़िल्लत देने वाले)

ख़ासियत- 75 बार पढ़ कर सज्दा में चला जाए, फिर दुआ करे तो जलने वाले की जलन से बचा रहे और जिसका हक़ दूसरे के ज़िम्मे आता हो, वह उसमें टाल-मटोल करता हो, तो उस को ज़्यादा से ज़्यादा पढ़ने से वह उसका हक़ अदा कर दे।

6. सब का प्रिय बनने के लिए

فَالِقُ الْإِصْبَاحِ ۚ وَجَعَلَ اللَّيْلَ سَكَنًا وَالشَّمْسَ وَالْقَمَرَ حُسْبَانًا ۚ
ذَٰلِكَ تَقْدِيرُ الْعَزِيزِ الْعَلِيمِ ۝ وَهُوَ الَّذِي جَعَلَ لَكُمُ النُّجُومَ لِتَهْتَدُوا بِهَا فِي
ظُلُمَاتِ الْبَرِّ وَالْبَحْرِ ۗ قَدْ فَصَّلْنَا الْآيَاتِ لِقَوْمٍ يَعْلَمُونَ ۝

1. फ़ालिक़ुल इस्बाहि व ज अ लल्लैल स क नंव्व श्शम स वल क़ म र हुस्बाना. ज़ालि क तक़्दीरुल अज़ीज़िल अलीम० व हुवल्लज़ी ज अल लकुमुन्नुजू म लि तह्त दू बिहा फ़ी ज़ुलु मा तिल बर्रि व ल ब्हरि, क़द फ़स्सल्नल आयाति लि क़ौमिंय्यअ्लमून०   (पारा 7, रुकूअ़ 18)

तर्जुमा– अल्लाह तआ़ला सुबह का निकालने वाला है और उसने रात को राहत की चीज़ बनायी है और सूरज और चांद (की रफ़्तार) को हिसाब से रखा है, यह ठहराई हुई बात है, ऐसी ज़ात की जो कि क़ादिर है, बड़े इल्म वाला है और वह (अल्लाह) ऐसा है जिसने तुम्हारे (फ़ायदे के) लिए सितारों को पैदा किया ताकि तुम उनके ज़रिए से अंधेरों में और ख़ुश्की में भी और दरिया में भी रास्ता मालूम कर सको। बेशक हमने (ये) दलीलें ख़ूब खोल-खोल कर बयान कर दी, उन लोगों के लिए जो ख़बर रखते हैं।

ख़ासियत– अगर लाजवरद के नगों पर बुध के दिन खुदवा करके अंगूठी पहने, हर तरह की ज़रूरत पूरी हो और क़ुबूलियत और मुहब्बत और डर लोगों की नज़र में पैदा हो।

وَاِنْ يُّرِيْدُوْٓا اَنْ يَّخْدَعُوْكَ فَاِنَّ حَسْبَكَ اللّٰهُ ؕ هُوَالَّذِيْٓ اَيَّدَكَ
بِنَصْرِهٖ وَبِالْمُؤْمِنِيْنَ ۙ وَاَلَّفَ بَيْنَ قُلُوْبِهِمْ ؕ لَوْ اَنْفَقْتَ مَا فِي الْاَرْضِ جَمِيْعًا
مَّآ اَلَّفْتَ بَيْنَ قُلُوْبِهِمْ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ اَلَّفَ بَيْنَهُمْ ؕ اِنَّهٗ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ۝

2. व इंय्युरीदू अंय्यख़्दअ़ू कफ़ इन्न हस्ब क ल्लाहु हुवल्लज़ी अय्य द क बि न्नस्रिही व बिल् मुअ् मिनी न० व अल् ल फ़ बै न क़ुलूबिहिम लौ अन्फ़क़्त मा फ़िल अर्ज़ि जमीअ़म मा अल्लफ़्त बै न क़ुलूबिहिम व ला कि न्नल्ला ह अल्ल फ़ बैनहुम इन्नहू अ़ज़ीज़ुन हकीम०

(पारा 10, रुकूअ़ 4)

तर्जुमा– अगर वे लोग आपको धोखा देना चाहें, तो अल्लाह तआ़ला आपके लिए काफ़ी हैं और वही है जिसने आपको अपनी मदद से और मुसलमानों से ताक़त दी और उनके दिलों में एका पैदा कर दिया और अगर आप दुनिया भर का माल ख़र्च करते, तब भी उनके दिलों में इत्तिफ़ाक़ पैदा न कर सकते, लेकिन अल्लाह ही ने उनमें एका पैदा कर दिया। बेशक वह

ज़बरदस्त हिक्मत वाले हैं।

ख़ासियत- जो शख़्स रमज़ान के पहले जुमा में ज़ुहर व अस्र के दर्मियान इस आयत को वुज़ू करके तीन रंग यानी हरे, पीले और लाल टुकड़ों पर लिख कर वे टुकड़े टोपी की गोट में लगा कर एहतीयात से रख दे, ज़रूरत के वक़्त पहन कर जहां जाए, इज़्ज़त व हैबत व मुहब्बत से लोग पेश आएं।

٣ وَلَقَدْ جَعَلْنَا فِي السَّمَاءِ بُرُوجًا وَّزَيَّنَّاهَا لِلنّٰظِرِيْنَ ۙ وَحَفِظْنٰهَا مِنْ
كُلِّ شَيْطٰنٍ رَّجِيْمٍ ۙ

3. व ल क़ द जअ़लना फ़िस्समाइ बुरूजंव व ज़य्यन्नाहा लिन्नाज़िरीन॰ व हफ़िज़्ना हा मिन कुल्लि शैतानिर्रजीम॰ (पारा 14, रुकूअ़ 2)

तर्जुमा- और बेशक हमने आसमान में बड़े-बड़े सितारे पैदा किए और देखने वालों के लिए उसको सजाया और उसको हर शैताने मरदूद से महफ़ूज़ फ़रमाया-

ख़ासियत- नगीने पर खुदवा करके या हिरन की झिल्ली पर लिख कर पहनने से जाह व क़ुबूलियत के लिए बहुत असर रखती है।

٤ طٰهٰ ۚ مَا أَنْزَلْنَا عَلَيْكَ الْقُرْاٰنَ لِتَشْقٰى ۙ إِلَّا تَذْكِرَةً لِّمَنْ يَّخْشٰى ۙ
تَنْزِيْلًا مِّمَّنْ خَلَقَ الْأَرْضَ وَالسَّمٰوٰتِ الْعُلٰى ۙ اَلرَّحْمٰنُ عَلَى الْعَرْشِ اسْتَوٰى ○
لَهٗ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْأَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا وَمَا تَحْتَ الثَّرٰى ○ وَإِنْ تَجْهَرْ بِالْقَوْلِ
فَإِنَّهٗ يَعْلَمُ السِّرَّ وَأَخْفٰى ○ اَللّٰهُ لَا إِلٰهَ إِلَّا هُوَ لَهُ الْأَسْمَاءُ الْحُسْنٰى ○

4. त्वहा- से अस्माउल हुस्ना॰ तक (पारा 16, रुकूअ़ 10)

तर्जुमा- त्वाहा ! हमने आप पर क़ुरआन मजीद इस लिए नहीं उतारा कि आप तक्लीफ़ उठाएं बल्कि ऐसे शख़्स की नसीहत के लिए जो (अल्लाह से) डरता हो। यह उसकी तरफ़ से नाज़िल किया गया है, जिसने

ज़मीन को और बुलंद आसमान को पैदा किया है (और) वह बड़ी रहमत वाला अर्श पर क़ायम है। उसी की मिल्क हैं, जो चीज़ें आसमान और ज़मीन पर हैं और जो चीज़ें इन दोनों के दर्मियान हैं और जो चीज़ें तह्तस्सरा में हैं। (उसके इल्म की यह शान है कि) अगर तुम पुकार कर बात कहो तो वह चुपके से कही हुई बात को और उससे ज़्यादा ख़फ़ी को जानता है, (वह) अल्लाह ऐसा है कि उसके सिवा कोई माबूद नहीं, उसके अच्छे-अच्छे नाम हैं।

ख़ासियत- संगे मरमर या चीनी या बिल्लौर के बर्तन में मुश्क व काफ़ूर व गुलाब से लिख कर रोग़न बान से धोकर उसमें थोड़ा अंबर व काफ़ूर को बढ़ा करके ख़ुश्बू बना लें, पेशानी और भवों पर मल कर जिसके सामने होगा, वह उसकी इज़्ज़त व आबरू करे।

٥ اَللّٰهُ نُوْرُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ مَثَلُ نُوْرِهٖ كَمِشْكٰوةٍ فِيْهَا مِصْبَاحٌ ؕ
اَلْمِصْبَاحُ فِىْ زُجَاجَةٍ ؕ اَلزُّجَاجَةُ كَاَنَّهَا كَوْكَبٌ دُرِّىٌّ يُّوْقَدُ مِنْ شَجَرَةٍ
مُّبٰرَكَةٍ زَيْتُوْنَةٍ لَّا شَرْقِيَّةٍ وَّلَا غَرْبِيَّةٍ ۙ يَّكَادُ زَيْتُهَا يُضِىْٓءُ وَلَوْ لَمْ تَمْسَسْهُ
نَارٌ ؕ نُوْرٌ عَلٰى نُوْرٍ ؕ يَهْدِى اللّٰهُ لِنُوْرِهٖ مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَيَضْرِبُ اللّٰهُ الْاَمْثَالَ لِلنَّاسِ ؕ
وَاللّٰهُ بِكُلِّ شَىْءٍ عَلِيْمٌ ۙ فِىْ بُيُوْتٍ اَذِنَ اللّٰهُ اَنْ تُرْفَعَ وَيُذْكَرَ فِيْهَا اسْمُهٗ ۙ
يُسَبِّحُ لَهٗ فِيْهَا بِالْغُدُوِّ وَالْاٰصَالِ ۙ رِجَالٌ ۙ لَّا تُلْهِيْهِمْ تِجَارَةٌ وَّلَا بَيْعٌ عَنْ
ذِكْرِ اللّٰهِ وَاِقَامِ الصَّلٰوةِ وَاِيْتَآءِ الزَّكٰوةِ ۙ يَخَافُوْنَ يَوْمًا تَتَقَلَّبُ فِيْهِ الْقُلُوْبُ وَ
الْاَبْصَارُ ۙ لِيَجْزِيَهُمُ اللّٰهُ اَحْسَنَ مَا عَمِلُوْا وَيَزِيْدَهُمْ مِّنْ فَضْلِهٖ ؕ وَاللّٰهُ
يَرْزُقُ مَنْ يَّشَآءُ بِغَيْرِ حِسَابٍ ٥

5. अल्लाहु नूरुस्समावाति- से मंय्य शाउ बिग़ैरि हिसाब० तक (पारा 18, रुकूअ 11)

ख़ासियत- अवाम में मक़्बूल होने के लिए नहा कर जुमरात व जुमा

का रोज़ा रखे और जुमा के दिन अस्र से पहले कि़ब्ले की तरफ़ मुंह करके पहले सूर: यासीन पढ़े, फिर ये आयतें हिरन की झिल्ली पर दीनदार आ़लिम की दवात की स्याही से लिख कर उस को लपेट कर अस्र की नमाज़ पढ़ो और तावीज़ हाथ में लेकर सूर: कह्फ़ पढ़े और तावीज़ हिफ़ाज़त से उठा रखे, जो शख़्स अपने पास रखेगा, आम मक़्बूलियत उसे हासिल होगी।

6. सूर: मुहम्मद (सल्लल्लाहु अ़लैहि व सल्लम) (पारा 26)

ख़ासियत– लिखकर ज़मज़म के पानी से धोकर पीने से लोगों की नज़र में महबूब हो जाए, जो बात सुने, याद रहे। उसके पानी से ग़ुस्ल करना तमाम मर्ज़ों को दूर करता है।

7. अल-अद्लु (इन्साफ़ करने वाले)

ख़ासियत– जुमा की रात में रोटी के तीस टुकड़ों पर इस को लिखकर खाने से लोगों के दिल क़ाबू में आ जायं।

8. अल-करीमु (बख़्शिश करने वाले)

ख़ासियत– सोते वक़्त ज़्यादा से ज़्यादा पढ़ा करे तो लोगों के दिलों में उसकी इज़्ज़त पैदा हो।

٩ الٓرٰ قف تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْحَكِيْمِ ۝ اَكَانَ لِلنَّاسِ عَجَبًا اَنْ اَوْحَيْنَآ اِلٰى رَجُلٍ مِّنْهُمْ اَنْ اَنْذِرِ النَّاسَ وَبَشِّرِ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اَنَّ لَهُمْ قَدَمَ صِدْقٍ عِنْدَ رَبِّهِمْ ؔ قَالَ الْكٰفِرُوْنَ اِنَّ هٰذَا لَسٰحِرٌ مُّبِيْنٌ ۝ اِنَّ رَبَّكُمُ اللّٰهُ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ فِيْ سِتَّةِ اَيَّامٍ ثُمَّ اسْتَوٰى عَلَى الْعَرْشِ يُدَبِّرُ الْاَمْرَ مَا مِنْ شَفِيْعٍ اِلَّا مِنْۢ بَعْدِ اِذْنِهٖ ذٰلِكُمُ اللّٰهُ رَبُّكُمْ فَاعْبُدُوْهُ ؔ اَفَلَا تَذَكَّرُوْنَ ۝

9. अलिफ़-लाम-रा-से अ फ़ ला तज़क्करून० तक

(पारा 11, रुकूअ़ 6)

ख़ासियत– जो चाहे कि लोग मेरे क़ाबू में आ जाएं तो शाबान के

महिने में अय्यामे बीज़ (13-14-15) के रोज़े रखे। आख़िरी रोज़ा सिरका व साग और जौ कि रोटी और नमक से इफ़्तार करे और मग़्रिब से इशा तक अल्लाह के ज़िक्र और दरूद शरीफ़ में मशग़ूल रहे और इशा पढ़कर भी तस्बीह व तक़्दीस में जब तक चाहे, लगा रहे। फिर ये आयतें ओस के पानी और ज़ाफ़रान से एक काग़ज़ पर लिखकर सर के नीचे रखकर सो रहे। सुबह को नमाज़ पढ़कर उस पर्चे को लेकर जिसके पास जाएगा, उसकी क़द्र व मंज़िलत करेगा और जो बात कहेगा, वह दुरुस्त होगी।

10. अल-मुह्सी (घेरने वाले)

ख़ासियत- अगर रोटी के बीस टुकड़ों पर बीस बार पढ़े तो लोग क़ाबू में आयें।

7. बाल-बच्चों का फ़रमांबरदार होना

وَاَصۡلِحۡ لِیۡ فِیۡ ذُرِّیَّتِیۡ ۚ اِنِّیۡ تُبۡتُ اِلَیۡکَ وَ اِنِّیۡ مِنَ الۡمُسۡلِمِیۡنَ ع

1. वस्लिह ली फ़ी ज़ुर्रिय्यती इन्नी तुब्तु इलै क व इन्नी मिनल मुस्लिमीन० (पारा 26, रुकूअ़ 2)

तर्जुमा- और मेरी औलाद में भी मेरे लिए सलाहियत पैदा कर दीजिए। मैं आपकी जनाब में तौबा करता हूं और मैं आप का फ़रमांबदार हूं।

ख़ासियत- जिसकी औलाद नाफ़रमान हो, वह इस आयत को हर नमाज़ के बाद पढ़ा करे। इन्शाअल्लाहु तआ़ला सालेह हो जाएगी। पढ़ने के वक़्त ज़ुर्रिय्यती के लफ़्ज़ पर अपनी औलाद का ख़्याल रखे।

2. अश्शहीदु (बड़े मौजूद)

ख़ासियत- अगर ना-फ़रमान औलाद या बीवी की पेशानी पकड़कर इसको पढ़े या हज़ार बार पढ़कर दम कर दे, वे फ़रमांबरदार हो जायेंगे।

8. राज़ मालूम करने के लिए

١ يَا بَنِيٓ إِسْرَآئِيلَ اذْكُرُوا نِعْمَتِيَ الَّتِيٓ أَنْعَمْتُ عَلَيْكُمْ وَأَوْفُوا
بِعَهْدِيٓ أُوفِ بِعَهْدِكُمْ وَإِيَّايَ فَارْهَبُونِ ۝ وَآمِنُوا بِمَآ أَنْزَلْتُ مُصَدِّقًا لِّمَا مَعَكُمْ وَلَا
تَكُونُوٓا أَوَّلَ كَافِرٍ بِهٖ وَلَا تَشْتَرُوا بِآيَاتِي ثَمَنًا قَلِيلًا وَإِيَّايَ فَاتَّقُونِ ۝ وَلَا تَلْبِسُوا
الْحَقَّ بِالْبَاطِلِ وَتَكْتُمُوا الْحَقَّ وَأَنْتُمْ تَعْلَمُونَ ۝

1. या बनी इस्राईलज़्कुरू से ....व अन्तुम तअ़्लमून० तक (पारा 1, रुकूअ़ 5)

ख़ासियत– नाबालिग़ लड़की के बदन के कपड़े पर पीर की रात में जब पांच घंटे रात गुज़र जाए, इन आयतों को लिखकर सोई हुई औरत के सीने पर रख दें तो जो कुछ उसने किया होगा सब बतला देगी, मगर यह उसी जगह जायज़ है जहां शरअ़ी तौर पर तजस्सुस (इन्क्वायरी) जायज़ हो, वरना हराम है।

٢ وَإِذْ قَتَلْتُمْ نَفْسًا فَادّٰرَءْتُمْ فِيهَا وَاللّٰهُ مُخْرِجٌ مَّا كُنْتُمْ تَكْتُمُونَ ۝ فَقُلْنَا
اضْرِبُوهُ بِبَعْضِهَا كَذٰلِكَ يُحْيِ اللّٰهُ الْمَوْتٰى وَيُرِيكُمْ آيَاتِهٖ لَعَلَّكُمْ تَعْقِلُونَ ۝

2. व इज़ क़तल्तुम नफ़्सन फ़द्दारअ्तुम फ़ीहा वल्लाहु मुख़्रिजुम मा कुन्तुम तक्तुमून० फ़क़ुलनज़्रिबूहु बिबअ़्ज़िहा कज़ालि क युह़्यिल्लाहुल मौता व युरीकुम आयातिही लअ़ल्लकुम तअ़्क़िलून० (पारा 1, रुकूअ़ 9)

तर्जुमा– और जब तुमने एक आदमी का ख़ून कर दिया, फिर एक दूसरे पर उसको डालने लगे और अल्लाह तआ़ला को इस अम्र को जाहिर

करना मंज़ूर था, जिसको तुम छिपाना चाहते थे। इसलिए हमने हुक्म दिया कि इसको उसके किसी टुकड़े से छुवा दो। इसी तरह हक़ तआ़ला (क़ियामत में) मुर्दों को ज़िन्दा कर देंगे और अल्लाह तआ़ला अपनी (क़ुदरत की) नज़ीरें तुमको दिखलाते हैं, इस उम्मीद पर कि तुम अ़क्ल से काम करो।

ख़ासियत– सोते आदमी से राज़ मालूम करने के लिए, मगर जिस जगह मालूम करना शरअ़न जायज़ हो।

9. जुदाई से बचने के लिए

1. अल-मुह्यी (ज़िंदा करने वाले)

ख़ासियत– जिसको किसी से जुदाई का डर या क़ैद का ख़तरा हो, इसको ज़्यादा से ज़्यादा पढ़े।

10. सरकश ग़ुलाम के लिए

1. إِنِّي تَوَكَّلْتُ عَلَى اللَّهِ رَبِّي وَرَبِّكُمْ ۚ مَا مِن دَابَّةٍ إِلَّا هُوَ آخِذٌ بِنَاصِيَتِهَا ۚ إِنَّ رَبِّي عَلَىٰ صِرَاطٍ مُّسْتَقِيمٍ ۝

1. इन्नी तवक्कल्तु अ़लल्लाहि रब्बी व रब्बिकुम मा मिन दाब्बतिन इल्ला हु व आख़िज़ुम बिनासि यतिहा इन् न रब्बी अ़ला सिरातिम मुस्तक़ीम०

(पारा 12, रुकूअ़ 5)

तर्जुमा– मैंने अल्लाह पर तवक्कुल कर लिया है, जो मेरा भी मालिक है और तुम्हारा भी मालिक है, जितने धरती पर चलने वाले हैं, सब की चोटी उसने पकड़ रखी है। यक़ीनन मेरा रब सीधे रास्ते पर (चलने से मिलता) है।

ख़ासियत– अगर कोई लौंडी या ग़ुलाम सरकश हो तो बाल पेशानी

के पकड़कर तीन बार इसको पढ़े और उस पर दम करे, इन्शाअल्लाह तआ़ला फ़रमांबरदार और क़ाबू में हो जाएगा।

11. ख़ाना वीरानी के लिए

ع۱ فَلَمَّا نَسُوا مَا ذُكِّرُوا بِهٖ فَتَحْنَا عَلَيْهِمْ اَبْوَابَ كُلِّ شَيْءٍ ط حَتّٰٓى اِذَا فَرِحُوْا بِمَآ اُوْتُوْٓا اَخَذْنٰهُمْ بَغْتَةً فَاِذَا هُمْ مُّبْلِسُوْنَ ۝ فَقُطِعَ دَابِرُ الْقَوْمِ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا ط وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ۝

1. फ़ लम्मा नसू मा से ....वल् हम्दु लिल्लाहि रब्बिल आ़लमीन० तक (पारा 7 रुकूअ़ 11)

तर्जुमा– फिर जब वे लोग इन चीज़ों को भूलें रहे, जिनकी उनको नसीहत की जाती थी, तो हमने उन पर हर चीज़ के दरवाज़े खोल दिए, यहां तक कि जब उन चीज़ों पर जो कि उनको मिली थीं वे ख़ूब इतरा गए, हमने उनको यकायकी पकड़ लिया, फिर तो बिल्कुल हैरतज़दा रह गये, फिर ज़ालिम (काफ़िर) लोगों की जड़ (तक) कट गई और अल्लाह का शुक्र है, जो तमाम आ़लम का परवरदिगार है।

जादू, जिन्न, आसेब और तक्लीफ़ देने वाले जानवरों से हिफ़ाज़त

1. जिन्न व इन्स से हिफ़ाज़त

اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ اَلْحَيُّ الْقَيُّوْمُ ۚ لَا تَاْخُذُهٗ سِنَةٌ وَّلَا نَوْمٌ ۭ لَهٗ مَا
فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۭ مَنْ ذَا الَّذِيْ يَشْفَعُ عِنْدَهٗٓ اِلَّا بِاِذْنِهٖ ۭ يَعْلَمُ مَا
بَيْنَ اَيْدِيْهِمْ وَمَا خَلْفَهُمْ ۚ وَلَا يُحِيْطُوْنَ بِشَيْءٍ مِّنْ عِلْمِهٖٓ اِلَّا بِمَا شَاۗءَ ۚ
وَسِعَ كُرْسِيُّهُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ ۚ وَلَا يَـــُٔـــوْدُهٗ حِفْظُهُمَا ۚ وَهُوَ الْعَلِيُّ الْعَظِيْمُ ○

1. अल्लाहु ला इला ह इल्ला हु व से व हुवल अलिय्युल अज़ीम० तक।

(पारा 3, रुकूअ़ 2)

तर्जुमा– अल्लाह तआ़ला (ऐसा है कि) उसके सिवा कोई इबादत के क़ाबिल नहीं, ज़िंदा है, संभालने वाला है, न उसको ऊंघ दबा सकती है, न नींद। उसी के मम्लूक हैं सब, जो कुछ आसमानों में है जो कुछ ज़मीन में है। ऐसा कौन शख़्स है, जो उसके पास (किसी की) सिफ़ारिश कर सके, उसकी इजाज़त के बग़ैर, वह जानता है उनके तमाम हाज़िर व ग़ायब हालात को और वे मौजूदात उसकी मालूमात में से किसी चीज़ को अपने इहाता-ए-इल्मी में नहीं ला सकते, मगर जिस क़दर (इल्म देना वही) चाहे, उसकी कुर्सी ने सब असमानों और ज़मीन को अपने अन्दर ले रखा है और अल्लाह तआ़ला को उन दोनों की हिफ़ाज़त कुछ बोझ नहीं गुज़रती और वह आलीशान है।

ख़ासियत– आयतल कुर्सी को जो शख़्स हर नमाज़ के बाद एक बार पढ़ ले, इन्शाअल्लाह तआला उसके पास शैतान न आएगा, क्योंकि उसने इक़रार किया है कि जो शख़्स आयतल कुर्सी पढ़ता है, मैं उसके पास नहीं जाता।

2. सूरतुल मुअव्वज़तैन (पारा 30)

ख़ासियत– हर क़िस्म के दर्द, बीमारी व जादू व नज़र वग़ैरह के लिए पढ़ना और दम करना और लिख कर बांधना फ़ायदेमंद है और सोते वक़्त पढ़ने से हर क़िस्म की आफ़त से बचा रहे और अगर इसको लिख कर बच्चों के बांध दे तो उम्मुस्सिबयान वग़ैरह से हिफ़ाज़त रहे और अगर हाकिम के सामने जाने के वक़्त पढ़े ले, तो उसकी बुराई से बचा रहे।

3. सूरः इख़्लास (पारा 30)

ख़ासियत– अगर ख़रगोश की झिल्ली पर लिख कर अपने पास रख ले तो इंसान और जिन्न और तक्लीफ़ पहुंचाने वाला जानवर उसके पास न आए।

4. एक बुज़ुर्ग से नक़्ल किया गया है कि जंगल में एक बकरी देखी, जिससे भेड़िया खेल रहा था। यह पास गये तो भेड़िया भाग गया। देखते क्या हैं कि इस बकरी के गले में कोई तावीज़ है, खोल कर देखा तो उस में ये आयतें निकलीं–

وَلَا يَئُودُهُ حِفْظُهُمَا ۚ وَهُوَ الْعَلِيُّ الْعَظِيمُ ۝ فَاللّٰهُ خَيْرٌ حَافِظًا ۖ وَهُوَ
أَرْحَمُ الرَّاحِمِينَ ۝ وَحِفْظًا مِّن كُلِّ شَيْطَانٍ مَّارِدٍ ۝ وَحِفْظًا ۚ ذَٰلِكَ تَقْدِيرُ
الْعَزِيزِ الْعَلِيمِ ۝ إِن كُلُّ نَفْسٍ لَّمَّا عَلَيْهَا حَافِظٌ ۝ إِنَّ بَطْشَ رَبِّكَ لَشَدِيدٌ ۝ إِنَّهُ
هُوَ يُبْدِئُ وَيُعِيدُ ۝ وَهُوَ الْغَفُورُ الْوَدُودُ ۝ ذُو الْعَرْشِ الْمَجِيدُ ۝ فَعَّالٌ لِّمَا

يُرِيۡدُ ۝ هَلۡ اَتٰىكَ حَدِيۡثُ الۡجُنُوۡدِ ۝ فِرۡعَوۡنَ وَثَمُوۡدَ ۝ بَلِ الَّذِيۡنَ كَفَرُوۡا فِىۡ تَكۡذِيۡبٍ ۝ وَّاللّٰهُ مِنۡ وَّرَآئِهِمۡ مُّحِيۡطٌ ۝ بَلۡ هُوَ قُرۡاٰنٌ مَّجِيۡدٌ ۝ فِىۡ لَوۡحٍ مَّحۡفُوۡظٍ ۝

व ला यऊदुहू हिफ़्ज़ु हुमा व हु व ल अलिय्युल अज़ीम० फ़ल्लाहु ख़ैरुन हाफ़िज़ंव व हु व अर्हमुर्राहिमीन व हिफ़्ज़म मिन कुल्लि शैतानिम मारिद० व हफ़िज़्नाहा मिन कुल्लि शैतानिर्रजीम० व हिफ़्ज़न ज़ालिक तक़्दीरुल अज़ीज़िल अ़लीम० इन कुल्लु नफ़्सिल्लम्मा अ़लैहा हाफ़िज़० इन् न बत़्श रब्बि क ल शदीद० इन्नहू हु व युब्दिउ व युअ़ीद० व हुवल ग़फ़ूरुल वदूदु ज़ुल अ़र्शि ल मजीद० फ़अ़्आ़लुल् लिमा युरीद हल अता क हदीसुल जुनूदि फ़िरऔ न व समूद बलिल्लज़ी न क फ़ रू फ़ी तक्ज़ीबिंव वल्लाहु मिंव व राइहिम मुहीत० बल हु व क़ुरआनुम मजीदुन फ़ी लौहिम महफ़ूज़०

जो शख़्स इनको लिख कर अपने पास रखे, उसको कोई तक्लीफ़ न पहुंचे।

5. अल: क़ह्हारु (बड़े ग़ालिब)

ख़ासियत– ज़्यादा से ज़्यादा ज़िक्र करने से दुनिया की मुहब्बत और अल्लाह के अलावा की बड़ाई दिल से जाती रहे और दुश्मनों पर ग़लबा हो और अगर चीनी के बर्तन पर लिख कर ऐसे आदमी को पिलाया जाए, जो जादू की वजह से औरत पर क़ुदरत न रख पाता हो, जादू दूर हो।

2. जादू दूर करने के लिए

1 فَلَمَّاۤ اَلۡقَوۡا قَالَ مُوۡسٰى مَا جِئۡتُمۡ بِهِ ۙ السِّحۡرُ ؕ اِنَّ اللّٰهَ سَيُبۡطِلُهٗ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُصۡلِحُ عَمَلَ الۡمُفۡسِدِيۡنَ ۝ وَيُحِقُّ اللّٰهُ الۡحَـقَّ بِكَلِمٰتِهٖ وَلَوۡ كَرِهَ الۡمُجۡرِمُوۡنَ ۝

1. फ़ लम्मा अल्क़ौ का ल मूसा मा जिअ्तुम बिहिस्सिह्रु इन्नल्ला ह स युब्तिलु हू इन्नल्ला ह ला युस्लिहु अ़म लल् मुफ़्सिदीन० व युहिक़्क़ुल्लाहु ल हक़् क बिकलिमाति ही व लौ करिहल मुज्रिमून० (पारा 11, रुकूअ़ 13)

तर्जुमा- सो जब उन्होंने (अपना जादू का सामान) डाला तो मूसा (अ़लैहिस्सलाम) ने फ़रमाया कि जो कुछ तुम (बना कर) लाये हो, जादू है। यक़ीनी बात है कि अल्लाह तआ़ला इस (जादू) को दरहम-बरहम किए देता है (क्यों कि) अल्लाह तआ़ला ऐसे फ़सादियों का काम बनने नहीं देता और अल्लाह तआ़ला सही दलील (यानी मोजज़े) को अपने वायदों के मुवाफ़िक़ साबित कर देता है, गो मुज्रिम (और काफ़िर) लोग कैसा ही ना-गवार समझें।

ख़ासियत- जादू के लिए बहुत आज़माया हुआ है। जिस पर किसी ने जादू किया हो, इन आयतों को लिख कर उसके गले में डालें या तश्तरी पर लिख कर पिलाएं, इन्शाअल्लाहु तआ़ला तन्दुरुस्त हो जाएगा।

٢ يَا بَنِيْٓ اٰدَمَ خُذُوْا زِيْنَتَكُمْ عِنْدَ كُلِّ مَسْجِدٍ وَّكُلُوْا وَاشْرَبُوْا وَلَا تُسْرِفُوْا ۚ اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الْمُسْرِفِيْنَ ۝ قُلْ مَنْ حَرَّمَ زِيْنَةَ اللّٰهِ الَّتِيْٓ اَخْرَجَ لِعِبَادِهٖ وَالطَّيِّبٰتِ مِنَ الرِّزْقِ ۭ قُلْ هِيَ لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا خَالِصَةً يَّوْمَ الْقِيٰمَةِ ۭ كَذٰلِكَ نُفَصِّلُ الْاٰيٰتِ لِقَوْمٍ يَّعْلَمُوْنَ ۝ قُلْ اِنَّمَا حَرَّمَ رَبِّيَ الْفَوَاحِشَ مَا ظَهَرَ مِنْهَا وَمَا بَطَنَ وَالْاِثْمَ وَالْبَغْيَ بِغَيْرِ الْحَقِّ وَاَنْ تُشْرِكُوْا بِاللّٰهِ مَا لَمْ يُنَزِّلْ بِهٖ سُلْطٰنًا وَّاَنْ تَقُوْلُوْا عَلَى اللّٰهِ مَا لَا تَعْلَمُوْنَ ۝

2. या बनी आदम ख़ुज़ू ज़ीनत कुम से ....मा ला तअ़्लमून० तक। (पारा 8, रुकूअ़ 11)

तर्जुमा- ऐ आदम की औलाद ! तुम मस्जिद में हाज़िरी के वक़्त अपना लिबास पहन लिया करो और ख़ूब खाओ और पियो और हद से मत निकलो। बेशक अल्लाह तआ़ला पसन्द नहीं करते, हद से निकल जाने वालों

को। आप फ़रमाइए कि अल्लाह तआ़ला के पैदा किये हुए कपड़ों को, जिनको उसने अपने बन्दों के वास्ते बनाया है और खाने-पीने की हलाल चीज़ों को किस शख़्स ने हराम किया है। आप यह कह दीजिए कि ये चीज़ें इस तौर पर कि क़ियामत के दिन भी ख़ालिस रहें, दुनिया की ज़िंदगी में ख़ालिस ईमान वालों ही के लिए हैं, हम इसी तरह तमाम आयतों को समझदारों के वास्ते साफ़-साफ़ बयान किया करते हैं। आप फ़रमाइये कि अल-बत्ता मेरे रब ने हराम किया है तमाम गन्दी बातों को, उनमें जो एलानिया हैं, वे भी और उनमें जो छिपी हैं, वे भी और हर गुनाह की बात को और ना-हक़ किसी पर ज़ुल्म करने को और इस बात को कि तुम अल्लाह तआ़ला के साथ किसी ऐसी चीज़ को शरीक ठहराओ, जिस की अल्लाह ने कोई सनद नाज़िल नहीं फ़रमायी और इस बात को कि तुम लोग अल्लाह तआ़ला के ज़िम्मे ऐसी बात लगा दो, जिस की तुम सनद न रखो।

ख़ासियत- यह आयत ज़हर व बुरी नज़र व जादू को दूर करने के लिए फ़ायदेमंद है। जो शख़्स इसको हरे अंगूर के अ़र्क़ और ज़ाफ़रान से लिख कर आंवले के पानी से धोकर गुस्ल करे, बुरी नज़र और जादू उस से दूर हो और जो खाने में मिला कर खाये तो ज़हर से बचा रहे और जादू और बुरी नज़र से भी।

فَلَمَّا جَاءَ السَّحَرَةُ قَالَ لَهُم مُّوسَىٰ أَلْقُوا مَا أَنتُم مُّلْقُونَ ○ فَلَمَّا أَلْقَوْا قَالَ مُوسَىٰ مَا جِئْتُم بِهِ السِّحْرُ ۖ إِنَّ اللَّهَ سَيُبْطِلُهُ ۖ إِنَّ اللَّهَ لَا يُصْلِحُ عَمَلَ الْمُفْسِدِينَ

3. फ़लम्मा जाअस्स ह् र तु क़ा ल लहुम मूसा अल्क़ू मा अन्तुम मुल्क़ून○ फ़लम्मा अल्क़ौ क़ा ल मूसा मा जिअ्तुम बिहिस्सिहरु इन्नल्ला ह स युब्ति लु हू इन्नल्लाह लायुस्लिहु अ़ म लल् मुफ्सिदीन○(पारा 11, रुकूअ़ 13)

तर्जुमा- सो जब वे आये (और मूसा अ़लैहिस्सलाम से) मुक़ाबला

हुआ, मूसा (अ़लैहिस्सलाम) ने फ़रमाया कि डालो जो कुछ तुमको (मैदान में) डालना है, सो जब उन्होंने (अपना जादू का सामान) डाला तो मूसा (अ़लैहिस्सलाम) ने फ़रमाया कि जो कुछ तुम (बना कर) लाये हो, जादू है। यक़ीनी बात है कि अल्लाह तआ़ला इस (जादू) को अभी दरहम-बरहम किये देता है, (क्योंकि) अल्लाह तआ़ला ऐसे फ़सादियों का काम बनने नहीं देता ।

ख़ासियत- सख़्त जादू के दूर करने के लिए फ़ायदेमंद है। एक घड़ा बारिश के पानी का लेकर ऐसी जगह से जहां बरसने के वक़्त किसी की नज़र न पड़ी हो और एक घड़ा ऐसे कुएं के पानी का ले, जिसमें से कोई पानी न भरता हो, जुमा के दिन ऐसे पेड़ों के सात पत्ते ले, जिसका फल न खाया जाता हो, फिर दोनों पानी मिला कर उसमें सातों पत्ते डाल दे, फिर इन आयतों को काग़ज़ पर लिख कर इस पानी से धोकर जादू के मारे को दरिया के किनारे पर ले जाकर पानी में उसको खड़ा करके रात के वक़्त पानी से उसको ग़ुस्ल दे। इन्शाअल्लाहु तआ़ला जादू ग़लत हो जाएगा।

3. जिन्न व इन्सान को क़ाबू में करना

ع وَإِذْ قَالَ رَبُّكَ لِلْمَلٰٓئِكَةِ إِنِّي جَاعِلٌ فِي الْأَرْضِ خَلِيفَةً ۖ قَالُوٓا أَتَجْعَلُ فِيهَا
مَنْ يُفْسِدُ فِيهَا وَيَسْفِكُ الدِّمَآءَ ۚ وَنَحْنُ نُسَبِّحُ بِحَمْدِكَ وَنُقَدِّسُ لَكَ ۖ
قَالَ إِنِّيٓ أَعْلَمُ مَا لَا تَعْلَمُونَ ۝ وَعَلَّمَ اٰدَمَ الْأَسْمَآءَ كُلَّهَا ثُمَّ عَرَضَهُمْ عَلَى
الْمَلٰٓئِكَةِ فَقَالَ أَنْبِئُونِي بِأَسْمَآءِ هٰٓؤُلَآءِ إِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِينَ ۝ قَالُوا سُبْحٰنَكَ
لَا عِلْمَ لَنَآ إِلَّا مَا عَلَّمْتَنَا ۖ إِنَّكَ أَنْتَ الْعَلِيمُ الْحَكِيمُ ۝

1. व इज़ क़ा ल रब्बुक लिल् मलाइकति से ....इन्न क अन्तल अ़लीमुल हकीम० तक (पारा 1, रुकूअ़ 4)

तर्जुमा– और जिस वक़्त इर्शाद फ़रमाया, आपके रब ने फ़रिश्तों से कि ज़रूर मैं बनाऊंगा, ज़मीन में एक नायब, फ़रिश्ते कहने लगे कि आप पैदा करेंगे, ज़मीन में ऐसे लोगों को जो फ़साद करेगें और ख़ून बहाएंगे और हम बराबर तस्बीह कहते रहते हैं, अल्लाह की तारीफ़ के साथ और तक़्दीस करते रहते हैं आपकी। हक़ तआला ने इर्शाद फ़रमाया कि मैं जानता हूं इस बात को जिसे तुम नहीं जानते। और इल्म दे दिया अल्लाह तआला ने हज़रत आदम अलैहिस्सलाम को (उनको पैदा करके) सब चीज़ों के नामों का। फिर वे चीज़ें फ़रिश्तों के सामने कर दीं फिर फ़रमाया कि बताओ मुझको नाम उन चीज़ों के (यानी उनके आसार व ख़्वास के साथ) अगर तुम सच्चे हो। फ़रिश्तों ने अर्ज़ किया कि आप तो पाक हैं, हमको ही इल्म नहीं, मगर वही जो कुछ आपने इल्म दिया। बेशक आप बड़े इल्म वाले हैं, हिक्मत वाले हैं (कि जिस क़दर जिस के लिए मस्लहत जाना, उसी क़दर इल्म व समझ अता फ़रमायी।)

ख़ासियत– इल्म को सीखने और जिन्नों और दूसरे इंसानों को क़ाबू में करने के लिए मुफ़ीद है। जिस महीने की पहली तारीख़ को जुमरात हो, ग़ुस्ल करके उस दिन रोज़ा रखे। शाम को जौ की रोटी, शकर और किसी क़िस्म के साग से इफ़्तार करे और अपने वक़्त पर सो रहे। जब आधी रात हो, उठ कर वुज़ू करके क़िब्ला रुख़ बैठ कर ये आयतें 33 बार पढ़े, फिर कांच के बर्तन पर मुश्क व ज़ाफ़रान व गुलाब से इन आयतों को लिख कर ओले के पानी से धोकर पिए और सो रहे। सात दिन तक इसी तरह करे और आख़िरी दिन में ये आयतें सत्तर बार पढ़े, मगर मकान तंहाई का हो और ऊद की धूनी दे, फिर फ़ारिग़ होकर उन ही कपड़ों में सो रहे। इन्शाअल्लाहु तआला मक़्सूद हासिल होगा।

4. शैतानी वसवसा दूर करने के लिए

1. وَإِمَّا يَنْزَغَنَّكَ مِنَ الشَّيْطَانِ نَزْغٌ فَاسْتَعِذْ بِاللّٰهِ ۚ إِنَّهُ سَمِيعٌ عَلِيمٌ ۝
إِنَّ الَّذِينَ اتَّقَوْا إِذَا مَسَّهُمْ طَائِفٌ مِنَ الشَّيْطَانِ تَذَكَّرُوا فَإِذَا هُمْ مُبْصِرُونَ ۝

1. व इम्मा यन्ज़ग़न्न क मिनश्शैतानि न ज़् ग़ुन फ़स्तअिज़ बिल्लाहि इन्नहु समीअ़ुन अ़लीम० इन्नल्लज़ी न त्त क़ौ इज़ा मस्सहुम ताइफ़ुम मिनश्शैतानि तज़क्करू फ इ ज़ा हुम मुब्सिरून०

(पारा 9, रुकूअ़ 14)

तर्जुमा– और अगर आपको कोई वस्वसा शैतान की तरफ़ से आने लगे तो अल्लाह की पनाह मांग लिया कीजिए। बिला शुब्हा वह ख़ूब सुनने वाला, ख़ूब जानने वाला है। यक़ीनन जो लोग ख़ुदा तरस हैं, जब उनको कोई ख़तरा शैतान की तरफ़ से आ जाता है, तो वह याद में लग जाते हैं, सो यकायक उनकी आंखें खुल जाती हैं।

ख़ासियत– जिसको वस्वसों और ख़तरों और बुरे ख़्यालों और दिल के कम्पन ने आजिज़ कर दिया हो, इन आयतों को गुलाब व ज़ाफ़रान से जुमा के दिन सूरज के निकलने के वक़्त सात परचों पर लिख कर हर दिन परचा निगल जाए और उस पर एक घूंट पानी का पी ले, इन्शाअल्लाहु तआ़ला दूर हो जाएगा।

फ़ायदा– हदीसों में आया है कि वस्वसे के वक़्त 'आमन्तु बिल्लाहि व रुसुलिही' कहे या अऊ़ज़ुबिल्लाह पढ़ कर बायीं तरफ़ तीन बार धुत्कारना आया है।

آمَنْتُ بِاللّٰهِ وَرُسُلِهِ وَالظَّاهِرُ وَالْبَاطِنُ وَهُوَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيمٌ ۝

आमन्तु बिल्लाहि व रुसुलिही वज़्ज़ाहिरु वल बातिनु व हु व बिकुल्लि

शैइन अ़लीम॰ पढ़े। इससे किसी को निजात नहीं होती, इसका ग़म न करना चाहिए, या لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ

'ला इला ह इल्लल्लाहु' ज़्यादा से ज़्यादा पढ़े।

अबू सुलेमान दारानी ने अ़जीब तद्बीर बतलायी है कि जब वस्वसा आये, ख़ूब ख़ुश हो, शैतान को मुसलमान का ख़ुश होना सख़्त ना-गवार है, वह फिर वस्वसा न डालेगा।

5. ख़ौफ़ का दूर होना

۱ فَاللّٰهُ خَيْرٌ حَافِظًا وَّهُوَ اَرْحَمُ الرّٰحِمِيْنَ ۝

1. फ़ल्लाहु ख़ैरुन हाफ़िज़ा.व हु व अर्हमुर्राहिमीन॰

(पारा 13, रुकूअ़ 2)

तर्जुमा– अल्लाह (के सुपूर्द वही) सबसे बड़ा निगहबान है और वह सब मेहरबानों से ज़्यादा मेहरबान है।

ख़ासियत– जिसको किसी दुश्मन से डर हो या और किसी तरह की बला व मुसीबत का डर हो, वह इसको ज़्यादा से ज़्यादा पढ़ा करे, इन्शाअल्लाहु तआ़ला मुश्किल दूर हो जाएगी।

۲ اِذْ هَمَّتْ طَّآئِفَتٰنِ مِنْكُمْ اَنْ تَفْشَلَا ۙ وَاللّٰهُ وَلِيُّهُمَا ؕ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ
الْمُؤْمِنُوْنَ ۝ وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ ۚ فَاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ۝
اِذْ تَقُوْلُ لِلْمُؤْمِنِيْنَ اَلَنْ يَّكْفِيَكُمْ اَنْ يُّمِدَّكُمْ رَبُّكُمْ بِثَلٰثَةِ اٰلٰفٍ مِّنَ الْمَلٰٓئِكَةِ
مُنْزَلِيْنَ ۝ بَلٰٓى ۙ اِنْ تَصْبِرُوْا وَتَتَّقُوْا وَيَاْتُوْكُمْ مِّنْ فَوْرِهِمْ هٰذَا يُمْدِدْكُمْ
رَبُّكُمْ بِخَمْسَةِ اٰلٰفٍ مِّنَ الْمَلٰٓئِكَةِ مُسَوِّمِيْنَ ۝ وَمَا جَعَلَهُ اللّٰهُ اِلَّا بُشْرٰى لَكُمْ
وَلِتَطْمَئِنَّ قُلُوْبُكُمْ بِهٖ ۗ وَمَا النَّصْرُ اِلَّا مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ الْعَزِيْزِ الْحَكِيْمِ ۝

2. इज़ हम्मत ताइफ़तानि से ....इन्दिल्लाहिल अज़ीज़िल हकीम॰ तक (पारा 4, रुकूअ 4)

तर्जुमा– जब तुम में से दो जमाअतों (बनी सलमा व बनी हारिसा) ने दिल में ख़्याल किया कि हिम्मत हार दें और अल्लाह तआला इन दोनों जमाअतों का मददगार था और पस मुसलमानों को तो अल्लाह तआला पर भरोसा करना चाहिए और यह बात जानी-समझी है कि अल्लाह तआला ने तुमको बद्र की लड़ाई में मदद से जिताया, हालांकि तुम बे-सर व सामान थे। सो अल्लाह तआला से डरते रहा करो ताकि तुम शुक्र गुज़ार रहो, जब कि आप मुसलमानों से (यों) फ़रमा रहे थे, कि क्या तुमको यह बात काफ़ी न होगी कि तुम्हारा रब तुम्हारी मदद करे तीन हज़ार फ़रिश्तों के साथ (जो आसमान से) उतारे जाएंगे। हां, क्यों नहीं (काफ़ी होगा) अगर मुस्तकिल रहोगे और तक़्वा वाले रहोगे और (अगर) वे तुम पर एकदम से (भी) आएंगे, तो तुम्हारा रब तुम्हारी मदद फ़रमाएगा। पांच हज़ार फ़रिश्तों से जो कि एक ख़ास शक्ल बनाये होंगे और अल्लाह तआला ने मदद सिर्फ़ इस लिए की कि तुम्हारे लिए (ग़लबे की) ख़ुशख़बरी हो और ताकि तुम्हारे दिलों को (बेचैनी) से चैन मिल जाए और मदद सिर्फ़ अल्लाह ही की तरफ़ से है जो कि ज़बरदस्त हैं, हिक्मत वाले (भी) हैं।

ख़ासियत– ये आयतें ज़ालिम बादशाह व दुश्मन और रात के वक़्त जिन्न या इंसान के डर के लिए हैं, इनको जुमा की रात में आधी रात के वक़्त वुज़ू करके लिखे, फिर लिखने वाला सुबह की नमाज़ पढ़ के सूरज निकलने तक ज़िक्र व तस्बीह में लगा बैठा रहे। जब सूरज बुलंद हो जाए, तो दो रकअत पढ़े, पहली में फ़ातिहा और आयतल कुर्सी और दूसरी में फ़ातिहा और 'आ म नर्रसूलु' से आख़िर सूरः तक पढ़े, फिर सात बार इस्तिग़फ़ार पढ़े और सात बार 'हस्बियल्लाहु ला इला ह इल्ला हु व अलैहि तवक्कलतु

व हु व रब्बुल अ़र्शिल अ़ज़ीम० फिर ताज़ा वुज़ू करके ये आयतें लिख कर अपने पास रख ले, इन्शाअल्लाहु तआ़ला मुराद हासिल हो।

وَاِذَا قَرَاْتَ الْقُرْاٰنَ جَعَلْنَا بَيْنَكَ وَبَيْنَ الَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ بِالْاٰخِرَةِ حِجَابًا مَّسْتُوْرًا ۙ وَّجَعَلْنَا عَلٰى قُلُوْبِهِمْ اَكِنَّةً اَنْ يَّفْقَهُوْهُ وَفِيْٓ اٰذَانِهِمْ وَقْرًا ؕ وَاِذَا ذَكَرْتَ رَبَّكَ فِى الْقُرْاٰنِ وَحْدَهٗ وَلَّوْا عَلٰٓى اَدْبَارِهِمْ نُفُوْرًا ۝

3. व इज़ा क़रअ्तल क़ुरआ न से अ़ला अदबारिहिम नुफ़ूरा० तक (पारा 15, रुकूअ़ 5)

तर्जुमा– और जब आप क़ुरआन पढ़ते हैं तो हम आपके और जो लोग आख़िरत पर ईमान नहीं रखते, उनके दर्मियान एक परदा डाल देते हैं और (वह परदा यह है कि) हम उनके दिलों पर परदा डालते हैं इससे कि वे उसको समझें और उनके कानों में डाट देते हैं, और जब आप क़ुरआन में सिर्फ़ अपने रब का ज़िक्र करते हैं तो वे लोग नफ़रत करते हुए पीठ फेर कर चल देते हैं।

ख़ासियत– किसी डरे हुए पर, जो गन्दे ख़्यालों में गिरफ़्तार हो, पढ़ कर दम कर दे, तो उसका डर ख़त्म हो जाए।

4. दीगर– कोई भूत पलीद किसी के सर हो गया हो तो नीले पश्मीने पर या कागज़ पर लिख कर उसके बाज़ू पर बांध दिया जाए, तो वह दूर हो जाए।

6. तक्लीफ़ देने वाले जानवर से बचने का अ़मल

1. यह आयत पढ़ कर जिस आदमी या जानवर से डर हो, उस की तरफ़ दम करे–

اَللّٰهُ رَبُّنَا وَرَبُّكُمْ ؕ لَنَآ اَعْمَالُنَا وَلَكُمْ اَعْمَالُكُمْ ؕ لَا حُجَّةَ بَيْنَنَا وَبَيْنَكُمْ ؕ اَللّٰهُ يَجْمَعُ بَيْنَنَا ۚ

अल्लाहु रब्बुना व रब्बुकुम लना अञ्मालुना व लकुम अञ्मालुकुम ला हुज्ज त बै नना व बै न कुम. अल्लाहु यज्मअु बै न ना०
उसकी तक्लीफ़ से बचा रहे।

दीगर-

حٰمٓ ۚ عٓسٓقٓ ۝ كَذٰلِكَ يُوحِيٓ إِلَيْكَ وَإِلَى الَّذِينَ مِنْ قَبْلِكَ ۙ
اللّٰهُ الْعَزِيزُ الْحَكِيمُ ۝

हा-मीम० ऐन-सीन-क़ाफ़० क ज़ालि क यूही इलै क व इलल्लज़ी न मिन क़ब्लिक. अल्लाहुल अ़ज़ीज़ुल हकीम०

बड़ी मुसीब़तों के वक़्त पढ़ना मुफ़ीद है।

2. काब अह्बार से नक़ल किया गया है कि सात आयतें जब पढ़ लेता हूं, फिर किसी बात का डर नहीं रहता।

पहली आयत

قُلْ لَنْ يُصِيبَنَآ إِلَّا مَا كَتَبَ اللّٰهُ لَنَا ۚ هُوَ مَوْلٰنَا ۚ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ
الْمُؤْمِنُونَ ۝

क़ुल लंय्युसी ब ना इल्ला मा क त बल्लाहु लना हु व मौलाना व अ़लल्लाहि फ़ल् य त वक्कलिल् मुअ्मिनून०

दूसरी आयत

وَإِنْ يَمْسَسْكَ اللّٰهُ بِضُرٍّ فَلَا كَاشِفَ لَهُۥٓ إِلَّا هُوَ ۖ وَإِنْ يُرِدْكَ بِخَيْرٍ
فَلَا رَآدَّ لِفَضْلِهِۦ ۚ يُصِيبُ بِهِۦ مَنْ يَشَآءُ مِنْ عِبَادِهِۦ ۚ وَهُوَ الْغَفُورُ الرَّحِيمُ ۝

व इंय्यम्सस्कल्लाहु बिज़ुर्रिन फ़ला काशिफ़ लहू इल्ला हु व व इंय्युरिद् क बिख़ैरिन फ़ला राद् द लिफ़ज़्लिही युसीबु बिही मंय्यशाउ मिन अ़िबादिही व हु वल ग़फ़ूरुर्रहीम०

तीसरी आयत

وَمَا مِنْ دَآبَّةٍ فِي الْأَرْضِ إِلَّا عَلَى اللّٰهِ رِزْقُهَا وَيَعْلَمُ مُسْتَقَرَّهَا وَمُسْتَوْدَعَهَا ؕ كُلٌّ فِي كِتٰبٍ مُّبِيْنٍ ۝

व मा मिन दाब्बतिन फ़िल् अर्ज़ि इल्ला अ़लल्लाहि रिज़्क़ुहा व यअ़्लमु मुस्तक़र्रहा व मुस्तौ द अ़हा कुल्लुन फ़ी किताबिम मुबीन०

चौथी आयत

إِنِّيْ تَوَكَّلْتُ عَلَى اللّٰهِ رَبِّيْ وَرَبِّكُمْ ؕ مَا مِنْ دَآبَّةٍ إِلَّا هُوَ اٰخِذٌ بِنَاصِيَتِهَا ؕ إِنَّ رَبِّيْ عَلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ۝

इन्नी तवक्कल्तु अ़लल्लाहि रब्बी व रब्बिकुम मा मिन दाब्बतिन इल्ला हु व आख़िज़ुम बिनासियति हा इन् न रब्बी अ़ला सिरातिम मुस्तक़ीम०

पांचवी आयत

وَكَأَيِّنْ مِّنْ دَآبَّةٍ لَّا تَحْمِلُ رِزْقَهَا ۖ اللّٰهُ يَرْزُقُهَا وَإِيَّاكُمْ ۚ وَهُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ۝

व क अय्यिम मिन दाब्बतिल ला तह्मिलु रिज़्क़हा अल्लाहु यर्ज़ुक़ुहा व इय्या कुम व हुवस्समीअ़ुल अ़लीम०

छठी आयत

مَا يَفْتَحِ اللّٰهُ لِلنَّاسِ مِنْ رَّحْمَةٍ فَلَا مُمْسِكَ لَهَا ۚ وَمَا يُمْسِكْ فَلَا مُرْسِلَ لَهٗ مِنْ بَعْدِهٖ ؕ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ۝

मा यफ़्तहिल्लाहु लिन्नासि मिर्रह्मतिन फ़ ला मुम्सि क लहा व मा युम्सिक फ़ ला मुर्सि ल लहू मिम बअ्दिही व हुवल अ़ज़ीज़ुल हकीम॰

सातवीं आयत

وَلَئِنْ سَأَلْتَهُمْ مَّنْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ لَيَقُوْلُنَّ اللّٰهُ ؕ
قُلْ اَفَرَأَيْتُمْ مَّا تَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ اِنْ اَرَادَنِيَ اللّٰهُ بِضُرٍّ هَلْ
هُنَّ كٰشِفٰتُ ضُرِّهٖۤ اَوْ اَرَادَنِيْ بِرَحْمَةٍ هَلْ هُنَّ مُمْسِكٰتُ رَحْمَتِهٖ ؕ
قُلْ حَسْبِيَ اللّٰهُ ؕ عَلَيْهِ يَتَوَكَّلُ الْمُتَوَكِّلُوْنَ ۝

व लइन सअल्त हुम मन ख़ ल क़स्समावाति वल् अर्ज़ ल यक़ू लुन्नल्ला हु क़ुल अ फ़ रऐतुम मा तद्अू न मिन दूनिल्लाहि इन अरा द नियल्लाहु बि ज़ुर्रिन हल हुन्न काशिफ़ातु ज़ुर्रि ही अव अरा द नी बिरह्मतिन हल हुन्न मुम्सिकातु रह्मतिही क़ुल हस्बियल्लाहु अ़लैहि य तवक्कलुल् मुत-वक्किलून॰

3. **डर दूर करने के लिए-** इब्नुल कल्बी रह॰ से नक़ल किया गया है कि किसी शख़्स को क़त्ल की धमकी दी, उसको डर हुआ, उसने किसी आ़लिम से ज़िक्र किया। उन्होंने फ़रमाया कि घर से निकलने से पहले सूरः यासीन पढ़ लिया करो, फिर घर से निकला करो। वह शख़्स ऐसा ही करता था और जब अपने दुश्मन के सामने आता था, उसको हरगिज़ नज़र न आता था।

7. आसेब वग़ैरह से हिफ़ाज़त

اَفَحَسِبْتُمْ اَنَّمَا خَلَقْنٰكُمْ عَبَثًا وَّاَنَّكُمْ اِلَيْنَا لَا تُرْجَعُوْنَ ○ فَتَعٰلَى اللّٰهُ الْمَلِكُ الْحَقُّ ۚ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ رَبُّ الْعَرْشِ الْكَرِيْمِ ○ وَمَنْ يَّدْعُ مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ ۙ لَا بُرْهَانَ لَهٗ بِهٖ ۙ فَاِنَّمَا حِسَابُهٗ عِنْدَ رَبِّهٖ ؕ

1. अ फ़ हसिब्तुम अन्नमा ख़लक़्ना कुम अ़ ब संव्वअन्नकुम इलैना ला तुर्ज अून० फ़ त आ़लल्लाहुल मलिकुल हक़्क़ु ला इला ह इल्ला हु व रब्बुल अ़र्शिल करीम॰ व मंय्यद्अ़ु मअ़ल्लाहि इलाहन आ ख़ र ला बुर्हा न लहू बिही फ़ इन्नमा हिसाबुहू अ़िन्द रब्बि ही० -पारा 18, रुकूअ़ 6

तर्जुमा– हां तो क्या तुमने यह ख़्याल किया था कि हमने तुमको यों ही मुहमल (हिक्मत से ख़ाली) पैदा कर दिया है और यह (ख़्याल किया था) कि हमारे पास नहीं लाये जाओगे, सो (इस से पूरी तरह साबित हो गया कि) अल्लाह तआ़ला बहुत ही आलीशान है, जो कि बादशाहे हक़ीक़ी है, उसके सिवा कोई भी इबादत के लायक़ नहीं (और) वह अ़र्शे अ़ज़ीम का मालिक है और जो शख़्स (इस बात पर दलील क़ायम होने के बाद) अल्लाह के साथ किसी और माबूद की भी इबादत करे कि (जिसके माबूद होने पर) उसके पास कोई भी दलील नहीं, सो उसका हिसाब उसी के रब के पास होगा।

ख़ासियत– जिस शख़्स पर आसेब हो, इन आयतों को तीन बार पानी पर पढ़ कर मुंह पर छींटा दे या कान में दम करे, इन्शाअल्लाहु तआ़ला फ़ौरन दूर हो जाएगा।

2. पूरी सूरः जिन्न (पारा 29, रुकूअ़ 11)

ख़ासियत– जिस पर आसेब आता हो, उस पर एक बार पढ़ कर दम करे या लिख कर बाज़ू पर बांध दे, इन्शाअल्लाहु तआ़ला जाता रहेगा।

3. ये 33 आयतें दरिंदे, और चोर से हिफ़ाज़त, आसेब दूर करने और जान व माल की बेहतरी के लिए और कोढ़ और दूसरे मर्ज़ों के लिए अक्सीर आज़म हैं। 'आयतुल हर्स इनका लक़ब है। वे यह हैं-

शुरू सूरः बक़रः से मुफ़्लिहून तक (पारा 1, रुकूअ़ 1)

आयतल कुर्सी-अल्लाहु ला इलाह से ख़ालिदून तक।

(पारा 3, रुकूअ़ 2)

और नीचे की आयतें- पारा 3, रुकूअ़ 8, पारा 8, रुकूअ़ 14, पारा 15, रुकूअ़ 12, पारा 23, रुकूअ़ 5, पारा 27, रुकूअ़ 12, पारा 28, रुकूअ़ 6, पारा 29, रुकूअ़ 11, पारा 1, रुकूअ़ 2

لِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ وَاِنْ تُبْدُوْا مَا فِيْ اَنْفُسِكُمْ اَوْ تُخْفُوْهُ يُحَاسِبْكُمْ بِهِ اللّٰهُ فَيَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ○ اٰمَنَ الرَّسُوْلُ بِمَآ اُنْزِلَ اِلَيْهِ مِنْ رَّبِّهٖ وَالْمُؤْمِنُوْنَ كُلٌّ اٰمَنَ بِاللّٰهِ وَمَلٰٓئِكَتِهٖ وَكُتُبِهٖ وَرُسُلِهٖ لَا نُفَرِّقُ بَيْنَ اَحَدٍ مِّنْ رُّسُلِهٖ وَقَالُوْا سَمِعْنَا وَاَطَعْنَا غُفْرَانَكَ رَبَّنَا وَاِلَيْكَ الْمَصِيْرُ ○ لَا يُكَلِّفُ اللّٰهُ نَفْسًا اِلَّا وُسْعَهَا لَهَا مَا كَسَبَتْ وَعَلَيْهَا مَا اكْتَسَبَتْ رَبَّنَا لَا تُؤَاخِذْنَآ اِنْ نَّسِيْنَآ اَوْ اَخْطَاْنَا رَبَّنَا وَلَا تَحْمِلْ عَلَيْنَآ اِصْرًا كَمَا حَمَلْتَهٗ عَلَى الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِنَا رَبَّنَا وَلَا تُحَمِّلْنَا مَا لَا طَاقَةَ لَنَا بِهٖ وَاعْفُ عَنَّا وَاغْفِرْ لَنَا وَارْحَمْنَا اَنْتَ مَوْلٰىنَا فَانْصُرْنَا عَلَى الْقَوْمِ الْكٰفِرِيْنَ ○ (پارہ ۳ رکوع ۸)

اِنَّ رَبَّكُمُ اللّٰهُ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ فِيْ سِتَّةِ اَيَّامٍ ثُمَّ اسْتَوٰى عَلَى الْعَرْشِ يُغْشِي الَّيْلَ النَّهَارَ يَطْلُبُهٗ حَثِيْثًا وَّالشَّمْسَ وَالْقَمَرَ وَالنُّجُوْمَ مُسَخَّرٰتٍ بِاَمْرِهٖ اَلَا لَهُ الْخَلْقُ وَالْاَمْرُ تَبٰرَكَ اللّٰهُ رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ○

اُدْعُوْا رَبَّكُمْ تَضَرُّعًا وَّخُفْيَةً ؕ اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الْمُعْتَدِيْنَ ۝ وَلَا تُفْسِدُوْا فِى الْاَرْضِ بَعْدَ اِصْلَاحِهَا وَادْعُوْهُ خَوْفًا وَّطَمَعًا ؕ اِنَّ رَحْمَتَ اللّٰهِ قَرِيْبٌ مِّنَ الْمُحْسِنِيْنَ ۝ (پ۸ ع۱۴)

قُلِ ادْعُوا اللّٰهَ اَوِ ادْعُوا الرَّحْمٰنَ ؕ اَيًّا مَّا تَدْعُوْا فَلَهُ الْاَسْمَآءُ الْحُسْنٰى ۚ وَلَا تَجْهَرْ بِصَلَاتِكَ وَلَا تُخَافِتْ بِهَا وَابْتَغِ بَيْنَ ذٰلِكَ سَبِيْلًا ؕ وَقُلِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِىْ لَمْ يَتَّخِذْ وَلَدًا وَّلَمْ يَكُنْ لَّهٗ شَرِيْكٌ فِى الْمُلْكِ وَلَمْ يَكُنْ لَّهٗ وَلِىٌّ مِّنَ الذُّلِّ وَكَبِّرْهُ تَكْبِيْرًا ۝ (پ۱۵ ع۱۲)

وَالصّٰٓفّٰتِ صَفًّا ۝ فَالزّٰجِرٰتِ زَجْرًا ۝ فَالتّٰلِيٰتِ ذِكْرًا ۝ اِنَّ اِلٰهَكُمْ لَوَاحِدٌ ؕ رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا وَرَبُّ الْمَشَارِقِ ۝ اِنَّا زَيَّنَّا السَّمَآءَ الدُّنْيَا بِزِيْنَةِ ِالْكَوَاكِبِ ۝ وَحِفْظًا مِّنْ كُلِّ شَيْطٰنٍ مَّارِدٍ ۝ لَا يَسَّمَّعُوْنَ اِلَى الْمَلَاِ الْاَعْلٰى وَيُقْذَفُوْنَ مِنْ كُلِّ جَانِبٍ ۝ دُحُوْرًا وَّلَهُمْ عَذَابٌ وَّاصِبٌ ۝ اِلَّا مَنْ خَطِفَ الْخَطْفَةَ فَاَتْبَعَهٗ شِهَابٌ ثَاقِبٌ ۝ فَاسْتَفْتِهِمْ اَهُمْ اَشَدُّ خَلْقًا اَمْ مَّنْ خَلَقْنَا ؕ اِنَّا خَلَقْنٰهُمْ مِّنْ طِيْنٍ لَّازِبٍ ۝ (پ۲۳ ع۵)

يٰمَعْشَرَ الْجِنِّ وَالْاِنْسِ اِنِ اسْتَطَعْتُمْ اَنْ تَنْفُذُوْا مِنْ اَقْطَارِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ فَانْفُذُوْا ؕ لَا تَنْفُذُوْنَ اِلَّا بِسُلْطٰنٍ ۝ فَبِاَىِّ اٰلَآءِ رَبِّكُمَا تُكَذِّبٰنِ ۝ يُرْسَلُ عَلَيْكُمَا شُوَاظٌ مِّنْ نَّارٍ وَّنُحَاسٌ فَلَا تَنْتَصِرٰنِ ۝ (پ۲۷ رکوع۱۲)

لَوْ اَنْزَلْنَا هٰذَا الْقُرْاٰنَ عَلٰى جَبَلٍ لَّرَاَيْتَهٗ خَاشِعًا مُّتَصَدِّعًا مِّنْ خَشْيَةِ اللّٰهِ ؕ وَتِلْكَ الْاَمْثَالُ نَضْرِبُهَا لِلنَّاسِ لَعَلَّهُمْ يَتَفَكَّرُوْنَ ۝ هُوَ اللّٰهُ الَّذِىْ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ عٰلِمُ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ ۚ هُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِيْمُ ۝ هُوَ اللّٰهُ الَّذِىْ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ اَلْمَلِكُ الْقُدُّوْسُ السَّلٰمُ الْمُؤْمِنُ الْمُهَيْمِنُ الْعَزِيْزُ الْجَبَّارُ الْمُتَكَبِّرُ ؕ سُبْحٰنَ اللّٰهِ عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ۝ هُوَ اللّٰهُ الْخَالِقُ الْبَارِئُ الْمُصَوِّرُ لَهُ الْاَسْمَآءُ الْحُسْنٰى ؕ يُسَبِّحُ لَهٗ مَا فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ۝ (پ۲۸ ع۶)

قُلْ اُوْحِیَ اِلَیَّ اَنَّهُ اسْتَمَعَ نَفَرٌ مِّنَ الْجِنِّ فَقَالُوْٓا اِنَّا سَمِعْنَا قُرْاٰنًا عَجَبًا ۙ يَّهْدِیْٓ اِلَى الرُّشْدِ فَاٰمَنَّا بِهٖ ؕ وَلَنْ نُّشْرِكَ بِرَبِّنَآ اَحَدًا ۙ وَّاَنَّهٗ تَعٰلٰى جَدُّ رَبِّنَا مَا اتَّخَذَ صَاحِبَةً وَّلَا وَلَدًا ۙ وَّاَنَّهٗ كَانَ يَقُوْلُ سَفِيْهُنَا عَلَى اللّٰهِ شَطَطًا ۙ (پ ۲۹ ع ۱۱)

اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ اشْتَرَوُا الضَّلٰلَةَ بِالْهُدٰى ۪ فَمَا رَبِحَتْ تِّجَارَتُهُمْ وَمَا كَانُوْا مُهْتَدِيْنَ ۝ مَثَلُهُمْ كَمَثَلِ الَّذِى اسْتَوْقَدَ نَارًا ۚ فَلَمَّآ اَضَآءَتْ مَا حَوْلَهٗ ذَهَبَ اللّٰهُ بِنُوْرِهِمْ وَتَرَكَهُمْ فِىْ ظُلُمٰتٍ لَّا يُبْصِرُوْنَ ۝ صُمٌّ بُكْمٌ عُمْىٌ فَهُمْ لَا يَرْجِعُوْنَ ۙ اَوْ كَصَيِّبٍ مِّنَ السَّمَآءِ فِيْهِ ظُلُمٰتٌ وَّرَعْدٌ وَّبَرْقٌ ۚ يَجْعَلُوْنَ اَصَابِعَهُمْ فِىْٓ اٰذَانِهِمْ مِّنَ الصَّوَاعِقِ حَذَرَ الْمَوْتِ ؕ وَاللّٰهُ مُحِيْطٌ بِالْكٰفِرِيْنَ ۝ يَكَادُ الْبَرْقُ يَخْطَفُ اَبْصَارَهُمْ ؕ كُلَّمَآ اَضَآءَ لَهُمْ مَّشَوْا فِيْهِ ۙ وَاِذَآ اَظْلَمَ عَلَيْهِمْ قَامُوْا ؕ (پارہ ۱ رکوع ۲)

ख़ासियत- जिस दुश्मन को शरीअ़त के एतबार से तक्लीफ़ पहुंचाना जायज़ हो, तो उसके बदन का एक कपड़ा लेकर उस पर उसकी मां का नाम सात बार लिखा जाए और उसके चारों तरफ़ एक दायरा खींच दिया जाए और उस पर ये आयतें लिख दी जाएं और उस पर एक दायरा खींच दिया जाए इस तरह तीन दायरे बनाएं जाएं, फिर उस कपड़े को लपेट कर मिट्टी के किसी कोरे बर्तन में रख कर हफ़्ते के दिन उसके घर में ऐसी जगह दफ़्न कर दिया जाए कि उस जगह किसी का पांव न आए।

8. आसेब व जिन्न भगाने के आमाल

1. पाक पानी पर फ़ातिहा और आयतल कुर्सी और सूरः जिन्न के शुरू की पांच आयतें पढ़ कर आसेब के मारे हुए के चेहरे पर छिड़कें और जिस मकान में शुब्हा हो, उसमें छिड़क दें, इन्शाअल्लाहु तआ़ला आसेब दूर हो।

2. पाक बर्तन पर फ़ातिहा और आयत- ثُمَّ اَنْزَلَ عَلَيْكُمْ مِّنْ

بَعْدِ الْغَمِّ اَمَنَةً نُّعَاسًا يَّغْشٰى طَآئِفَةً مِّنْكُمْ وَطَآئِفَةٌ قَدْ اَهَمَّتْهُمْ اَنْفُسُهُمْ يَظُنُّوْنَ بِاللّٰهِ غَيْرَ الْحَقِّ ظَنَّ الْجَاهِلِيَّةِ ط يَقُوْلُوْنَ هَلْ لَّنَا مِنَ الْاَمْرِ مِنْ شَيْءٍ ط قُلْ اِنَّ الْاَمْرَ كُلَّهٗ لِلّٰهِ ط يُخْفُوْنَ فِيْٓ اَنْفُسِهِمْ مَّا لَا يُبْدُوْنَ لَكَ ط يَقُوْلُوْنَ لَوْ كَانَ لَنَا مِنَ الْاَمْرِ شَيْءٌ مَّا قُتِلْنَا هٰهُنَا ط قُلْ لَّوْ كُنْتُمْ فِيْ بُيُوْتِكُمْ لَبَرَزَ الَّذِيْنَ كُتِبَ عَلَيْهِمُ الْقَتْلُ اِلٰى مَضَاجِعِهِمْ ج وَلِيَبْتَلِيَ اللّٰهُ مَا فِيْ صُدُوْرِكُمْ وَلِيُمَحِّصَ مَا فِيْ قُلُوْبِكُمْ ط وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ○ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰهِ ط وَالَّذِيْنَ مَعَهٗٓ اَشِدَّآءُ عَلَى الْكُفَّارِ رُحَمَآءُ بَيْنَهُمْ تَرٰىهُمْ رُكَّعًا سُجَّدًا يَّبْتَغُوْنَ فَضْلًا مِّنَ اللّٰهِ وَرِضْوَانًا ز سِيْمَاهُمْ فِيْ وُجُوْهِهِمْ مِّنْ اَثَرِ السُّجُوْدِ ط ذٰلِكَ مَثَلُهُمْ فِي التَّوْرٰىةِ وَمَثَلُهُمْ فِي الْاِنْجِيْلِ ج كَزَرْعٍ اَخْرَجَ شَطْـَٔهٗ فَاٰزَرَهٗ فَاسْتَغْلَظَ فَاسْتَوٰى عَلٰى سُوْقِهٖ يُعْجِبُ الزُّرَّاعَ لِيَغِيْظَ بِهِمُ الْكُفَّارَ ط وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ مِنْهُمْ مَّغْفِرَةً وَّاَجْرًا عَظِيْمًا ○

सुम् म अन्ज़ ल अलै कुम से ...मिन्हुम मग़्फ़ि रतंव्व अज्रन अज़ीमा० तक लिख कर रोग़न कुन्जद से धोकर आसेब के शिकार के बदन पर इस रोग़न की मालिश की जाए। इन्शाअल्लाहु तआ़ला असर न हो।

3. इमाम ग़ ज़ाली ने एक बुज़ुर्ग का क़िस्सा नक़ल किया है किसी बुज़ुर्ग की एक लौंडी रात को पेशाब करने बैठी और आसेब के असर से बेहोश हो गयी। उन बुज़ुर्ग ने उठकर ये कलिमात पढ़े, उसी वक़्त अच्छी हो गई- بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ط الٓمّٓصٓ . طٰهٰ . طٰسٓمّٓ . كٓهٰيٰعٓصٓ . يٰسٓ ۚ وَالْقُرْاٰنِ الْحَكِيْمِ . حٰمٓ عٓسٓقٓ . قٓ . نٓ وَالْقَلَمِ وَمَا يَسْطُرُوْنَ ○

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम० अलिफ़-लाम-मीम-स्वाद० त्वा-हा० त्वा-सीम-मीम० काफ़ हा-या-ऐन-स्वाद० या-सीन० वल् क़ुरआनिल हकीमि०

हा-मीम॰ ऐनसीन॰-काफ़॰ काफ़॰ नून॰ वल क़ लमि व मा यस्तुरून॰

4. फ़क़ीह कबीर अहमद बिन मूसा बिन अबी उजैल आसेब के शिकार पर यह आयत पढ़ा करते थे-

قُلْ آللّٰهُ اَذِنَ لَكُمْ اَمْ عَلَى اللّٰهِ تَفْتَرُوْنَ ۝

क़ुल आल्लाहु अज़ि न लकुम अम अ़लल्लाहि तफ़्तरून॰

दीगर– कुछ बुज़ुर्गों से नक़ल है कि एक लड़की खेलते-खेलते गिर गयी। उन्होंने ख़्वाब में देखा कि एक फ़रिश्ता बहुत अच्छी सूरत में आया। उसके दस बाज़ू हैं और कहा कि अल्लाह की किताब में इसकी शिफ़ा है। मैंने पूछा, क्या है, कहा कि ये आयतें उस पर पढ़ दो-

قُلْ آللّٰهُ اَذِنَ لَكُمْ اَمْ عَلَى اللّٰهِ تَفْتَرُوْنَ ۝ يُرْسَلُ عَلَيْكُمَا شُوَاظٌ مِّنْ نَّارٍ وَّنُحَاسٌ فَلَا تَنْتَصِرَانِ ۝ يَا مَعْشَرَ الْجِنِّ وَالْاِنْسِ اِنِ اسْتَطَعْتُمْ اَنْ تَنْفُذُوْا مِنْ اَقْطَارِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ فَانْفُذُوْا لَا تَنْفُذُوْنَ اِلَّا بِسُلْطٰنٍ ۝ قَالَ اخْسَئُوْا فِيْهَا وَلَا تُكَلِّمُوْنِ ۝

क़ुल आल्लाहु अज़ि न लकुम अम अ़लल्लाहि तफ़्तरून॰ युर्सलु अ़लैकुमा शुवाज़ुम मिन नारिंव वनुहासुन फ़ला तन्तसिरान॰ या मअ़शरल जिन्नि वल इन्सि इनिस्ततअ़तुम अन् तन्फ़ुज़ू मिन अक़्ता-रिस्समावाति वल अर्ज़ि फ़न्फ़ुज़ू ला तनफ़ुज़ू न इल्ला बिसुल्तान॰ क़ालख़्स ऊ फ़ी हा वला तुकल्लिमून॰

कहते हैं कि जाग कर मैंने यह अ़मल किया, बिल्कुल उसका असर न रहा।

5. **जिन्न भगाने के लिए–** इब्ने क़ुतैबा रज़ि॰ से नक़ल किया गया है कि किसी शख़्स ने उनसे बयान किया कि मैं बसरा ख़ुरमा की तिजारत करने गया। किराए पर कोई घर न मिला, सिर्फ़ एक घर मिला, जिस पर

मकड़ी ने जाले लगा रखे थे। मैंने इसकी वजह पूछी । लोगों ने कहा कि इसमें जिन्न रहता है। मैंने मालिक से किराए पर मांगा। उसने कहा कि क्यों अपनी जान खोते हो, इसमें बड़ा भारी जिन्न है। जो शख़्स इसमें रहता है, उसको मार डालता है। मैंने कहा, मुझको किराए पर दे दो, अल्लाह तआ़ला मददगार है। उसने दे दिया। मैं उसमें ठहर गया। जब रात हुई। मेरी तरफ़ एक शख़्स काले रंग का आया, जिसकी आंखे अंगारों की तरह चमक रहीं थीं। मैंने आयतल कुर्सी पढ़ना शुरू की, वह भी बराबर पढ़ता रहा, जब मैं-

व ला यऊदुहू हिफ़्ज़ुहुमा व हुवल अ़लिय्युल अ़ज़ीम० पर पहुंचा, वह न कह सका। मैंने उसी को कहना शुरू किया, बस वह अंधेरा जाता रहा और रात भर आराम से रहा। जब सुबह हुई, उस जगह निशान जलने का और कुछ राख देखी और एक कहने वाले की आवाज़ सुनी कि तूने बड़े भारी जिन्न को जलाया। मैंने पूछा, किस चीज़ से जल गया, जवाब दिया कि इस कलिमे से- وَلَا يَئُودُهٗ حِفْظُهُمَا وَهُوَ الْعَلِيُّ الْعَظِيْمُ ○

व ला यऊदुहू हिफ़्ज़ुहुमा व हुवल अ़लिय्युल अ़ज़ीम०

